दैनिक पंचांग

बुधवार, नवम्बर 16, 2022
सूर्योदयः 06:44 ए एम
सूर्यास्तः 05:27 पी एम
तिथिः अष्टमी - पूर्ण रात्रि तक
नक्षत्रः अश्लेशा - 06:59 पी एम तक
योगः ब्रह्म - 01:09 ए एम, नवम्बर 17 तक
करणः बालव - 06:56 पी एम तक
पक्षः कृष्ण पक्ष
वारः गुरूवार

हिन्दी दैनिक
झारखण्ड देखो
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

Digital Edition
www.jharkhanddekho.com ● वर्ष 2022 ● अंक 231 ● पृष्ठ 8 ● दुमका, गुरूवार 17 नवंबर 2022 ● मूल्य 2 रुपये Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com

UDISE Code- 20110108005, JEPC Code- RTE/20/2021-22
Affiliated By Jharkhand Education Project Council
RGS gurukulam
(An Unit of Shatan Ashram)
Bright Future for your Kids
For More Detail : www.rgsgurukulam.com, Email- gurukulamrgs@gmail.com
Dhadhkia, Dumka, Mob.- 8409399342 (Principal), 7903712653 (Vice Principal)
Opening Shortly IX to X
Class Nursery to VIII
Medium Hindi & English
Admission Open
School Van Facility Available
For More Detail : www.rgsgurukulam.com
Drawing Class, Midday Meal, Computer Class, Yoga Class, Science Lab, Smart Class

पोलैंड में गिरी रूसी मिसाइल

बाइडन ने बुलाई जी7 और नाटो की इमरजेंसी बैठक

कीव/एजेंसी।

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच रूस द्वारा दागी गई मिसाइलों में से दो मिसाइलें यूक्रेन सीमा के पास नाटो के सदस्य देश पोलैंड के क्षेत्र में जा गिरीं। स्पुतनिक समाचार एजेंसी ने पोलिश मीडिया के हवाले से यह जानकारी दी है। रूसी समाचार एजेंसी ने कहा कि यूक्रेन की सीमा पर लबलिन वोइवोडीशिप में प्रेजवोडो के आबादी वाले क्षेत्र में दो रॉकेट गिरे। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई, पुलिस और सेना घटना स्थल पर काम कर रही है।

वहीं, इस मामले में पोलैंड ने रूस के राजदूत को तलब कर लिया है। पोलैंड के विदेश मंत्रालय की ओर से इस संबंध में बयान जारी किया गया है। मंत्रालय के प्रवक्ता लुकाज जसीना ने कहा कि हमने घटना को लेकर तत्काल विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि 15 नवंबर को रूस की ओर से यूक्रेन पर भारी गोलाबारी की गई और सेना ने उसके संरचनात्मक ढांचे को भी तबाह कर दिया। दोपहर 3.40 बजे रूस निर्मित मिसाइल लुबेल्स्की प्रांत के ह्रुबिजोव जिले के प्रेजवोडो गांव पर गिराई गई और इसके परिणामस्वरूप पोलैंड गणराज्य के दो नागरिकों की मौत हो गई। इसलिए पोलैंड के विदेश मंत्री जबिग्न्यू राऊ ने रूस के राजदूत को तत्काल तलब किया है और इस घटना पर विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है। समाचार एजेंसी एएनआई से मिली ताजा जानकारी के मुताबिक, पोलैंड के विदेश मंत्रालय ने उसके क्षेत्र में गिरे रॉकेट के रूस में बने होने की पुष्टि की है। वहीं पोलैंड की ओर से नाटो के अनुच्छेद 4 के आधार पर किए गए अनुरोध के तहत नाटो में शामिल सदस्य देशों के राजदूत आज इस मामले में बैठक करेंगे। नाटो के अनुच्छेद 4 के अनुसार, सदस्य किसी सदस्य देश की सुरक्षा से संबंधित चिंता का कोई भी मुद्दा उठा सकते हैं। यूरोपीय राजनयिकों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। वहीं, मॉस्को ने पोलैंड पर रूसी मिसाइलों के हमले की रिपोर्ट को 'उकसाने' की घटना बताया। न्यूज एजेंसी एएफपी ने यह जानकारी दी। रूस के रक्षा मंत्रालय ने उन रिपोर्टों का खंडन किया है कि रूसी मिसाइलों ने पोलिश क्षेत्र में हमला किया। इस रिपोर्ट के बारे में बताते हुए इसे ₹युद्ध की बढ़ती स्थिति के बीच जानबूझकर एक उकसावे₹ के रूप में वर्णित किया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन-पोलैंड सीमा को लक्ष्य बनाकर रूसी मिसाइलों से कोई हमला नहीं किया गया है।

उधर, पोलैंड में मिसाइलों के गिरने की खबरों पर हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबना ने रक्षा परिषद की बैठक बुलाई। एएफपी ने अधिकारी का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने इस संबंध में कहा कि हमने पोलैंड से आई रिपोर्टें देखी हैं।

हम इस समय रिपोर्ट या किसी भी विवरण की पुष्टि नहीं कर सकते। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने पोलैंड के राष्ट्रीय सुरक्षा ब्यूरो के प्रमुख जेसेक सिविएरा से बात की।

पोलैंड में 'विस्फोट' की रिपोर्ट पर नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा से बात की, जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त किया, तथ्यों को स्थापित करने पर जोर दिया। इसके अलावा राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी ताजा हालात को लेकर बात की है। पोलैंड के प्रधानमंत्री माटुस्ज मोराविकी ने देश के क्षेत्र में मिसाइलों के गिरने की खबरों के बाद मंत्रिपरिषद की सुरक्षा परिषद समिति की बैठक बुलाई। सरकार के प्रवक्ता पिओतर मुलर ने ट्वीट कर बताया कि प्रधानमंत्री मोराविकी ने तत्काल राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा मामलों के लिए मंत्रिपरिषद की समिति को बुलाया।



जम्मू-कश्मीर : नाला में गिरी टाटा सूमो चार महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत

किश्तवाड़/एजेंसी।

किश्तवाड़ जिले में मड़वा उपमंडल के अरसयार में टाटा सूमो वाहन खाई में गिरने से चार युवतियों, चालक समेत आठ लोगों की मौत हो गई। किश्तवाड़ जिला मुख्यालय से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर यह हादसा बुधवार देर शाम हुआ। 2007 मॉडल की टाटा सूमो खाई में गिरने के बाद दरिया में समा गई। सुरक्षा बलों और स्थानीय लोग जब वाहन तक पहुंचे तो सभी आठ लोगों की मौत हो चुकी थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार रिनय से युरदु जा रही वर्ष 2007 मॉडल की टाटा सूमो अलसयार इलाके में पहुंचने पर हादसे का शिकार हो गई। सड़क से टाटा सूमो सीधे खाई में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने वाहन को खाई में गिरते देखा तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। आनन फानन लोग भी बचाव कार्य के लिए खाई में उतर गए। कुछ समय बाद सुरक्षाबल भी मौके पर पहुंच गए। सभी ने मिलकर बचाव कार्य शुरू किया। खाई में गिरने के दौरान उसमें बैठे यात्री छिटक कर गिर गए थे। सभी को मौके पर मृत पाया गया। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए पीएचसी मड़वा पहुंचा दिया है और मामले की जांच भी शुरू कर दी है। हादसे की जानकारी मिलने पर किश्तवाड़ से कई बड़े अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। पूर्व मंत्री सुनील शर्मा के अनुसार वाहन दरिया में समा गया है। मृतकों में एक भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल है। जिला उपायुक्त डॉ. देवांश यादव ने बताया कि आठ शव निकाले गए हैं। किसी और के होने की आशंका को देखते हुए सुरक्षा बलों के जवान और पुलिस तलाशी अभियान चला रहे हैं।

मृतकों के नाम
1. मोहम्मद अमीन पुत्र गुलाम मुस्तफा शेख निवासी चेंजर मड़वा
2. चालक उमर गनी पुत्र अब्दुल गनी शाह निवासी नवा पाची मड़वा।
3. मोहम्मद इरफान पुत्र मोहम्मद रमजान हजाम निवासी कदरना मड़वा।
4. अफाक अहमद पुत्र बशीर अहमद हजाम निवासी निवासी ठचना दच्छन।
5. सफूरा बानो पुत्री गुलाम रसूल निवासी अंजर मड़वा
6. मुजामिला बानो पुत्री जहूर अहमद मलिक निवासी युरदु मड़वा
7. आसिया बानो पुत्री मोहम्मद युनुस निवासी युरदु मड़वा।

राजस्थान प्रभारी पद से अजय माकन ने दिया इस्तीफा

नयी दिल्ली/एजेंसी।

गुजरात और हिमाचन प्रदेश चुनाव के बीच कांग्रेस के अंदर एक बार फिर से कलह शुरू हो गयी है। वरिष्ठ नेता अजय माकन ने 25 सितंबर के जयपुर के राजनीतिक घटनाक्रम का हवाला देते हुए राजस्थान प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने जिम्मेदारी छोड़ने की इच्छा जताई है। माकन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि यह पार्टी के हित में है कि राजस्थान के लिए नया प्रभारी नियुक्त किया जाए. माकन ने यह पत्र गत 8 नवंबर को लिखा था।

सूत्रों ने बताया कि एक पृष्ठ के इस पत्र में माकन ने कहा है कि 'भारत जोड़ो यात्रा' दिसंबर के प्रथम सप्ताह में राजस्थान में दाखिल होगी और चार दिसंबर को उपचुनाव भी है, ऐसे में जरूरी है कि जल्द से जल्द नया प्रभारी नियुक्त किया जाए. राज्य की सरदारशहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है।

माकन ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को पत्र लिखकर प्रभारी पद छोड़ने का आग्रह ऐसे समय किया है जब 'घोर अनुशासनहीनता' के आरोप में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी तीन नेताओं को नोटिस जारी किए हुए करीब 50 दिन का समय हो चुका है, लेकिन अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

अनुशासनात्मक समिति के सदस्य सचिव तारिक अनवर ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा, तीन नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था और उनके जवाब भी आए गए हैं. अब इस पर कांग्रेस को अध्यक्ष को फैसला करना है कि आगे क्या करना है. महत्वपूर्ण बात यह है कि खरगे को लिखे पत्र में माकन ने 25 सितंबर के जयपुर के राजनीतिक घटनाक्रम को अपने नए कदम का आधार बताया है.

बिज़नेस

बीएसई सेंसेक्स
61,980.72+107.73 (0.17%)
निफ्टी
18,409.65+6.25 (0.034%)

51 सांसदों और 71 विधायकों पर चल रहे मनी लॉन्ड्रिंग के मामले

नयी दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय को सूचित किया गया है कि करीब 51 पूर्व और मौजूदा सांसद तथा विभिन्न विधानसभाओं और विधान परिषदों के कुल 71 सदस्य प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने द्वारा दायर धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामलों का सामना कर रहे हैं। हालांकि ईडी की रिपोर्ट में इन अभियुक्त सांसदों का विवरण साझा नहीं किया गया है। रिपोर्ट में यह स्पस्ट नहीं किया गया है कि इनमें से कितने मौजूदा सांसद या विधायक हैं और कितने पूर्व। मामले में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और व्यापारी विजय नायर भी अभियुक्त हैं।

जी20 शिखर सम्मेलन

'हमें यूक्रेन में संघर्ष विराम और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का रास्ता खोजना होगा': मोदी

नई दिल्ली/एजेंसी।

जी20 के अंतिम घोषणापत्र में शामिल 'आज का युग युद्ध का नहीं है', भारत का डिजिटल परिवर्तन रिकॉर्ड और अन्य रिकॉर्ड का प्रदर्शन, संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की आलोचना, भारत की ऊर्जा सुरक्षा जरूरतों की हिफाजत और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ एक गर्मजोशी से भरी मुलाकातङ्क ये ऐसी पांच बड़ी उपलब्धियां हैं, जो जी20 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया की 45 घंटे की लंबी यात्रा के नतीजे के रूप में सामने आई।

जैसे ही भारत ने इंडोनेशिया से ग्रुप ऑफ़ ट्वेंटी की अध्यक्षता ली, पीएम मोदी ने बाली में भू-राजनीतिक तनाव से जूझ रही दुनिया में भारत की क्षमताओं को दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, देश को 'लोकतंत्र की मां' करार दिया और प्रमुख राष्ट्रों को भरोसा दिया कि भारत की जी20 अध्यक्षता 'कार्रवाई-उन्मुख और निर्णायक' होगी. जो बाइडेन सहित दुनिया के शीर्ष नेताओं के साथ उनकी दोस्ती और रूस-यूक्रेन युद्ध पर पीएम मोदी के बयान ने सबका ध्यान आकर्षित किया। सितंबर में समरकंद में ही पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और उनसे कहा कि 'आज का युग युद्ध का नहीं है' और उनसे यूक्रेन के साथ शत्रुता समाप्त करने और बातचीत की मेज पर आने का आग्रह किया. पश्चिमी शक्तियों ने तब बयान की सराहना की और अब जी20 के अंतिम घोषणापत्र में उन्हीं शब्दों का उल्लेख किया गया है, जो पीएम मोदी के रुख का एक बड़ा समर्थन है. हालांकि पश्चिमी देश रूसी तेल का आयात जारी रखने के लिए भारत की आलोचना करते हैं,

संक्षिप्त समाचार

ASHOKA LIFE CARE
YOUR WAY TO B
Nucare Hospital
1st Private Setup in Santhal Paragna
DR. TUSHAR JYOTI
MBBS, M.S. (Ortho)
MCh (Ortho)
Senior Orthopedic Consultatnt
DR. UJJAWAL SINHA
MBBS, DNB (Ortho), Anthroscopic & Arthroplasty Surgeon
DR. AVIJEET
MBBS, M.S. (Ortho) DNB (Ortho)
DR. IFTIKAR AHMAD
MBBS (Ortho)
DR. SHASHI
MBBS
M.S. (Gen. Surgery)
OUR FACILITY
1. Orthopedics
Joint Replacement.
Joint Arthroscopy
Spine Injuries
2. Complex Trauma
3. General Surgery
4. Physiotherapy
5. ICU
6. DR System X-RAY
7. Laboratory Service
(Home Collection done)
8. Pharmacy
यदि आपको निम्नलिखित समस्या है
- खेल से संबंधित चोटें
- घुटनों के लिगामेंट की चोटें
- कंधे की चोटें
- कंधे का बार-बार उतरना
- मांसपेशियों की चोट
- दूरबीन के ऑपरेशन
- पी.आर.पी. ट्रीटमेंट
- स्पोर्टस फिजियोथेरेपी
दर्द का इलाज
बिना ऑपरेशन
आधुनिक दवाइयों और इंजेक्शन के द्वारा आपके सभी तरह के दर्द का उचित इलाज
कमर दर्द, स्लीप डिस्क, गर्दन दर्द, घुटनों का दर्द जोड़ों का दर्द, गठिया का दर्द, टखने एवं एड़ी का दर्द सर दर्द, स्पोर्टस इन्जूरी, नसों का दर्द, कैंसर का दर्द
डॉ. समीर सौरभ
पेन स्पेशलिस्ट
M.B.B.S., M.D., FIPM (GER)
आयुष्मान भारत
मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना
5 लाख रु. तक गरीब परिवारो का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा
CALL 7480942213
KUMHAR PARA DUMKA, JHARKHAND

संक्षिप्त समाचार

रोजगार की तलाश में केरल जा रहा रामगढ का युवक लापता

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। रामगढ प्रखंड अंतर्गत कांजवे पंचायत के मोहनपुर गाँव का युवक ढेना मुर्मू केरल जाने के क्रम में रास्ते से लापता हो गया है। रामगढ़ थाना क्षेत्र के मोहनपुर निवासी स्वर्गीय छोटा मंगल मुर्मू का 26 वर्षीय पुत्र ढेना मुर्मू रोजगार की तलाश में केरल जाने के लिये गत सात नवम्बर को घर से निकला था रात 1:51 पर उसने घर फोन कर बताया कि वह केरल जाने वाली ट्रेन पर चढ़ गया है ।लेकिन आठ नवम्बर की सुबह से उससे बात होनी बन्द हो गई ।उसका फोन मरकच्चो जिला कोडरमा का कोई व्यक्ति उठा रहा है,उस व्यक्ति के अनुसार उसे ढेना का फोन ट्रेन में गिरा मिला था कोडरमा निवासी वह व्यक्ति भी रोजगार के सिलसिले में तमिलनाडु के इरोड में है। एक सप्ताह से बेटे के लापता होने से परेशान उसकी माँ महारानी मरांडी ने मंगलवार को रामगढ थाने में आवेदन देकर उसका पता लगाने की गुहार लगाई है ।रामगढ थाने के पुलिस अधिकारियों ने कोडरमा वाले व्यक्ति से मोबाइल फोन पर बात कर उसे ढेना मुर्मू के मोबाइल फोन को चालू रखने तथा पुलिस के सम्पर्क में रहने का निर्देश दिया है।

मुखिया ने गरीबों के बीच किया कम्बल का वितरण

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। रामगढ प्रखंड के सिलठा ए पंचायत के पंचायत सचिवालय में बुधवार को गरीब तथा असहाय लोगों के बीच मुखिया मुर्ति देवी द्वारा कम्बल का वितरण किया गया ।मुखिया के अनुसार कुल 150 व्यक्तियों को कम्बल दिया गया ।मुखिया मूर्ति देवी के अनुसार कम्बल वितरण के लिये लाभार्थियों का चयन वार्ड सदस्यों के सहयोग से प्रत्येक वार्ड से किया गया है ।कम्बल वितरण के दौरान सिलठा बीच पंचायत के उप मुखिया जियालाल सोरेन, वार्ड सदस्य संजीव मंडल,मुकेश यादव, गोकुल सिंह, सद्दाम अंसारी, मरियम टुडू,राम विलास कुमार, टनटन कुमार, धर्मेन्द्र कुँवर सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी ग्रामीण उपस्थित थे।

भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना बीजेपी का लक्ष्य : बाबूलाल

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ईडी से भाग क्यों रहे हैं. ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था तो उन्हें जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि हमारी एक ही मंशा है, भ्रष्ट हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकना है. बता दें कि बाबूलाल मरांडी बुधवार को दुमका के शिकारीपाड़ा प्रखंड में ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्या से रूबरू हुए. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को ईडी का सामना करना चाहिए.

पहचान पत्र के लिए ऑनलइन रजिस्ट्रेशन करवाया

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर मे ई एल सी नोडल ऑफिसर डॉ स्वर्ण कुमार सिंह के नेतृत्व मे तीनो संकाय के अंतर्गत सभी बिषय के बिभागाध्यक्ष एवं शिक्षकों ने अपने अपने बिषय के उपस्थित छात्र एवं छात्राओं का वोटर पहचान पत्र के लिए ऑनलइन रजिस्ट्रेशन करवाया। इसकी जानकारी कॉलेज मीडिया प्रभारी डॉ रूपम कुमारी ने दी।

प्लस टू जिला स्कूल में खेलों झारखंड कार्यक्रम का हुआ आगाज

खेलों झारखंड खेल कार्यक्रम झारखंड में खेल को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा: शिवराम सिमोन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। प्लस टू जिला स्कूल,दुमका में झारखंड शिक्षा परियोजना के दिशा निर्देश में खेलों झारखंड खेल अभियान का शुरुआत हो गया है। बुधवार को प्लस टू जिला स्कूल, दुमका के सीटीम ग्राउंड ग्राउंड (यज्ञ मैदान)में खेलों झारखंड खेल कार्यक्रम के अंतर्गत खेल शिक्षक शिवराम सिमोन टूडू के दिशा निर्देश में विद्यालय के जूनियर एवं सीनियर टीम के लिए कबड्डी, फुटबॉल,तीरंदाजी, एवं एथेलेटिक्स के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर,400मीटर,800 मीटर दौड़ एवं गोला फेक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलों झारखंड कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के बीच काफी उत्साह देखा गया। प्लस टू जिला स्कूल,दुमका के खेल शिक्षक शिवराम सिमोन टूडू ने बताया कि झारखंड शिक्षा परियोजना के दिशा निर्देश में चल रहा खेलों झारखंड खेल कार्यक्रम झारखंड में खेल को बढाने में मील का पत्थर साबित होगा। खेल शिक्षक श्री शिवराम ने बताया कि इस विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होने वाले प्रतिभागी छात्र छात्रा एवं टीम 21 एवं 22 नवम्बर को प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता एवं 25 एवं 26 नवम्बर को जिला स्तरीय एवं उसके बाद राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगें। खेलों झारखण्ड खेल कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के शिक्षक महेन्द्र राज हंस, रूपेश कुमार झा,विजय कुमार दूबे, लखी टूडू,शिवराम सिमोन टूडू,सुशीला किस्कू,अर्चना कुमारी,अंजू एलीना किस्कू, तरन्नुम परवीन,आराधना कुमारी, प्रकाश कुमार घोष, दिलीप कुमार एवं सुबोध कुमार मंडल की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही।

दो दिवसीय खेलो झारखंड विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। गोपीकांदर प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों में आयोजित दो दिवसीय खेलो झारखंड 2022-23 विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता का आज बुधवार को समापन हो गया। बता दें कि राज्य परियोजना निदेशक और शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी दुमका के निर्देशानुसार जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में 15-16 नवम्बर को दो दिवसीय खेलों झारखंड 2022-23 विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। गोपीकांदर प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों में विद्यालय के प्रधानाध्यापक की अध्यक्षता में खेलों झारखंड प्रतियोगिता का ससमय आयोजन कर स्कूली छात्र छात्राओं के बीच खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें तरनी, लखीबाद, खरौनी बाजार, बेगडोभा, दुदुआं, मुसना, गोपीकांदर सहित प्रखंड के सभी प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों की अध्यक्षता में खेलो झारखंड विधालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़,बोरा दौड़,जलेबी दौड़,स्पून दौड़,फुटबॉल प्रतियोगिता, कबड्डी प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया गया। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को चिन्हित कर प्रखंड स्तर में आयोजन होने वाली प्रतियोगिता के लिए नाम अंकित किया गया। बता दें कि ₹खेलो झारखंड 2022-23₹ प्रतियोगिता तीन स्तर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रथम स्तर विद्यालयों में 15 और 16 नवम्बर, प्रखंड स्तर में 21 और 22 एवं जिला स्तर पर 25 और 26 नवम्बर 2022 को आयोजन किया जा रहा है। मौके पर उज्जवल पाल, मनीषा मंडल, असुतोश बास्की, संतोष पंडित, उमेश हेम्ब्रम, निरंजन पंडित, शिवकुमार भगत, मंगल हांसदा, मोनिका मुर्मू, बेंजामिन सोरेन, दनिएल टुडू आदि शिक्षक और शिक्षिका उपस्थित थें।

सीएसपी के पास से बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। जिला एवं प्रखंड प्रशासन के सख्ती के बावजूद रानीश्वर थाना क्षेत्र में बालू का अवैध उत्खनन व परिवहन जारी हैं। बुधवार को पुलिस अवर निरीक्षक राजन झा ने महिषबाथान के गिरिपुर पथ पर सीएसपी के पास से बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है ।सूत्रों के अनुसार टोंगरा थाना क्षेत्र के सिद्धेश्वरी नदी के दईनाला घाट से बेरोकटोक बालू का उठाव जारी हैं ।बुधवार को उस घाट से कई ट्रैक्टरों को बालू का उठाव कर परिवहन करते देखा गया हैं ।बताया गया हैं कि मसलिया थाना के मकरमपुर गांव के ट्रेक्टर मालिक यहां बालू का अबैध उठाव कर तस्करी कर रहे हैं ।



ADMISSION STARTED
2022-23 & 2023-24
SHUSHRUTI GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY KNC, INC & AICTE, MINISTRY OF HRD & GOVT. OF KARNATAKA. APPROVED BY RGUHS, BANGALORE UNIVERSITY
100% PLACEMENT ASSISTANCE
NO DONATION
COURSES WE OFFER
GNM Nursing
B.Sc Nursing
Post. B.Sc. Nursing
D.Pharma
MBA
LOAN & SCHOLARSHIP FACILITY
SEAT BOOKING STARTED
FIND US ON GOOGLE MAP
7044982556 // 9910575024
#68, Andhrahalli Main Road, Peenya 2nd Stage, Bangalore - 560091
www.shushrutigroupofinstitutions.com

FEES STRUCTURE YEAR 2022-23
B.SC NURSING
Total Fees : Rs. 6.25 L (Including Food & Lodging)
Duration - 4 Years
Age Limit - 17 to 35 Years
FEES STRUCTURE YEAR 22-23
GNM NURSING
Total Fees : Rs. 3.75 L (Including Food & Lodging)
Duration - 3 Years
Age Limit - 17 to 35 Years
SPECIAL FEATURES:
HIGHLY QUALIFIED STAFF
DIGITAL LIBRARY
WELL EQUIPPED LABORATORY
MODERN INFRASTRUCTURE
STUDY TOUR FOR EVERY YEAR / SEMESTER
HOSPITAL FACILITY FOR GIRLS & BOYS
CANTEEN FACILITY
North Indian, South Indian, East Indian Food Canteen
OWN HOSPITAL FACILITY:
HIGHLY QUALIFIED STAFF
BANK & ATM FACILITY INSIDE CAMPUS
CAMPUS INTERVIEW ASSISTANCE
REMINDIAL CLASSES
CONTACT FOR ADMISSION
7044982556 // 9910575024
Admission Provider can contact for best Rate
GNM non attending possible Fee- 1.5 L
D.Pharma 1.20 L (Non Attending)

संक्षिप्त समाचार

मुर्शिदाबाद और राजमहल के बीच फाइनल मुकाबला आज

पाकुड़ । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि) । जिले के अमड़ापाड़ा हाई स्कूल पर सात दिवसीय अमड़ापाड़ा क्रिकेट क्लब के द्वारा स्व दीपक रजक मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे दिन बुधवार को चार टीमों के बीच सेमीफाइनल मैच खेला गया। पहला सेमीफाइनल मैच राजमहल और औरंगाबाद टीम के बीच खेला गया। जिसमें राजमहल की टीम ने निर्धारित ओवर 12 ओवर में 159 रन बनाया। 159 का पीछा करने के लिए मैदान में पर उतरे औरंगाबाद के टीम ने निर्धारित 12 ओवर में सात विकेट खो कर मात्र 116 रन बना पाये। औरंगाबाद की टीम 43 रन हार कर घर चले गए।

राजमहल की टीम 43 रन से औरंगाबाद की टीम को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाया। दूसरा सेमीफाइनल मैच अमड़ापाड़ा क्रिकेट क्लब और मुरशिदाबाद के बीच खेला गया। मुर्शिदाबाद के टीम ने 12 निर्धारित ओवर में 5 विकेट खो कर 188 रन बनाया था वही इस लक्ष्य को पीछा करने के लिए मैदान पर उतरे. 7 विकेट खो कर मात्र 154 रन ही बना पाए। मुर्शिदाबाद के टीम ने 35 रन से जीत दर्ज किया है। गुरुवार को मुर्शिदाबाद और राजमहल क्रिकेट टीम के साथ फाइनल मैच खेला जाएगा। फाइनल मैच के विजेता टीम को 75,000 नगद पुरस्कार दिया जाएगा, साथ ही उपविजेता टीम को 50,000 नकद पुरस्कृत किया जाएगा।

वार्ड पार्षद ने उपायुक्त से आमजनों के सुविधा के लिए सड़क निर्माण कराने को लेकर गुहार लगाई

पाकुड़ । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि) । नगर परिषद के अंतर्गत वार्ड नंबर 15 के श्याम नगर एवं कृष्णापुरी कॉलोनी के आम जनता सहित वार्ड के वार्ड पार्षद अशोक प्रसाद ने उपायुक्त पाकुड़ वरूण रंजन को नगर परिषद के द्वारा निर्माणाधीन चारदीवारी के बगल से आमजनों के आवागमन हेतु पथ निर्माण की गुहार लगाई है। इसके पूर्व भी झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पाकुड़ आगमन पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अवसर पर पथ निर्माण हेतु मांग पत्र सौंपा गया था। जिसकी प्रतिलिपि अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, कार्यपालक पदाधिकारी कौशलेश यादव एंड हरिणडंगा उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य श्रीनिवास प्रसाद को दी गई है।लगभग सौ से ज्यादा मोहल्ले वासियों के हस्ताक्षरित अपने मांग पत्र में आमजनों सहित वार्ड पार्षद अशोक प्रसाद ने बताया है कि नगर परिषद पाकुड़ की ओर से विद्यालय की सुरक्षा के दृष्टिकोण से चारदीवारी का निर्माण करवाया जा रहा है लेकिन उक्त चारदीवारी बनने के उपरांत श्याम नगर कृष्णापुरी कॉलोनी के आवागमन का मार्ग पूर्णरूपेण बंद हो जाएगा,जो चिंता का विषय है।

वर्तमान में हरिणडंगा उच्च विद्यालय के उत्तर में मालपहाड़ी रोड पश्चिम में कब्रिस्तान है तथा पूर्व से ही मोहल्लेवासी आवागमन हरिडंगा उच्च विद्यालय के मैदान की ओर से होता रहा है। अगर यह चारदीवारी का निर्माण पूर्ण होता है तो आवागमन पूर्णरूपेण बंद हो जाएगा। आम जनों के द्वारा हैंड हरिंदंगा उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक को आम जनता के द्वारा पत्र सौंपने के उपरांत उन्होंने उपायुक्त पाकुड़ को एक पत्र समर्पित किया है जिसमें उन्होंने अपने आम जनों के सुविधा पथ निर्माण के संबंध में और संस्था किया है। तथा उक्त पथ निर्माण करवाने के दिशा में सार्थक पहल करने का भी आग्रह किया है।

10 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया

हिरणपुर(पाकुड़) । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि) । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हिरणपुर के द्वारा बंध्याकरण शिविर का किया गया आयोजन। शिविर में 10 महिलाओं को बंध्याकरण प्रभार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डॉ सुनील कुमार सिंह, डॉ अमित कुमार, एएनएम एल एन मीरू एवं पुष्पा कुमारी एवं सहयोगी के द्वारा किया गया। बंध्याकरण चलाने में प्रखंड के डांगापाड़ा, बिरग्राम, जामपुर, कोटलपोखर, तारापुर, दुलमी आदि गांव की महिलाएं थी।

अंग्रेज शासन के खिलाफ लड़ाकू गांव टुटरापहाड़ में हिलएसेम्बली पहाड़िया महासभा का आयोजन

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़ । अमड़ापाड़ा प्रखंड के अंग्रेज शासन के खिलाफ लडाकू कछवा देहरी के एतिहासिक गांव टुटरापहाड़ में हिलएसेम्बली पहाड़िया महासभा की बैठक ग्राम प्रधान लाछू पहाड़िया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में हिलएसेम्बली पहाड़िया महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष सह महासचिव शिवचरण मालतो ने कहा कि आजादी के 70 वर्षो में विकास के नाम करोडों की राशि खर्च कर विनाश को ओर धकेल रहा है। सही शिक्षा नहीं, सही दवा नहीं, स्वच्छ पेयजल का नसीब नहीं, यहाँ तक कि आदिम जनजाति पहाड़िया का डाकिया योजना और महिला पेन्शन समय पर नसीब नहीं होता। इसलिए अब अपने एतिहासिक दामिन ई कोह सौरिया कंट्री 1356 वर्गमील क्षेत्र में पहाड़िया के लिए स्वायत्तता के लिये लडाई लड़ने की आवश्यकता है। इन्होंने भी बैठक को सम्बोधित करते हुए शिवलाल देहरी उपप्रमुख ने जोर देकर कहा कि समाज में व्याप्त नशा को खत्म किया जाना अतिआवश्यक बताया। सलाहकार रामेश्वर पहाड़िया ने कहा कि आपने अधिकार के लिये बाबा जवरा पहाड़िया (तिलका माझी) ने अपने को कुर्बानी दी। एक और कुर्बानी की जरुरत है। सलाहकार रामकुमार पहाड़िया ने कहा कि हजारों वर्ष पहले से निवासी करते आ रहे हैं। सलाहकार सोनिया देहरी ने कहा कि हमारे समाज में आपसी भाईचारा को और मजबुत करना है। मंच का संचालन रमेश पहाड़िया ने किया। मौके प्रखंड के उप प्रमुख सह सलाहकार शिवलाल देहरी, सलाहकार रामकुमार पहाड़िया, सलाहकार रामेश्वर पहाड़िया दुरियो, सलाहकार कालू पहाड़िया, सरदार नरना पहाड़िया, सरदार सुखदेव देहरी, नायब रामा पहाड़िया, नायब जबड़ा पहाड़िया, कमल कुमार पहाड़िया, नायब सोनिया पहाड़िया, नायब बिनोद पहाड़िया, नायब लोकना पहाड़िया, नायब देवा पहाड़िया, नायब शिवा पहाड़िया, नायब रूपाय देहरी, नायब भीमसेन देहरी,नायब बुधान गृही, नायब देवनारायण पहाड़िया, मान्यता प्राप्त ग्राम प्रधानगण कालू पहाड़िया डूमरचीर, डोमन देहरी पचुवाडा, सीताराम पहाड़िया कुंडामटिया, धर्मा पहाड़िया तिलयपाड़ा, जितेन्द्र देहरी बमनमारा, छोटा सुरजा देहरी तालड़ीह किताबरगो, रामकुमार देहरी सिन्गदेहरी, सूनील देहरी टमकी, गांगु पहाड़िया मंडरो पहाड़, चन्दरिका देहरीन, फुल्मुनी देहरीन, प्रियंका देहरीन, रुपी देहरीन, लिल्मुनी देहरीन उपस्थित थे।

पाकुड़ की नाबालिग के साथ दिल्ली में हुआ दुष्कर्म, पुलिस कर रही है छानबीन

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि) ।

पाकुड़ । जिले की रहने वाली 11 वर्षीय नाबालिग के साथ दिल्ली में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मानव तस्करी का शिकार हुई नाबालिग लड़की दिल्ली में चली गई और नाबालिक के साथ दुष्कर्म हुआ। बच्ची दिल्ली से भागकर रांची आ गई है। रांची आने के बाद उसने कोतवाली थाना में एंटी 'मन ट्रैफिकिंग यूनिट के पास वेदा पहाड़िया और सद्दाम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दोनों आरोपी लिट्टीपाड़ा की कर्माटांड़ के रहने वाले हैं। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। बच्ची ने बताया कि उसे काम कराने के बहाने दिल्ली ले जाया गया था। दिल्ली जाने से पहले उसके परिवार वालों को 10 हजार दिया गया था। दिल्ली पहुंचने के 4 दिन बाद आरोपी सद्दाम नशे की हालत में घर पहुंचा और जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की। झांसा दिया कि उससे शादी करेगा और फिर बाद में लगातार दुष्कर्म करता रहा। सद्दाम की प्रताड़ना से तंग आकर नाबालिग वहां से भाग निकली। किसी तरह दिल्ली स्टेशन पहुंची और बिना टिकट है मंगलवार को रांची आ गई। रांची रेलवे स्टेशन में तैनात पुलिसकर्मियों को उसने पूरी घटना बताई। इसके बाद रेलवे पुलिस की टीम को एएचयूटी लेकर सीधे पहुंची। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि उसके पिता नहीं है। मां किसी तरह से उसका भरण पोषण कर रही थी। इसी बीच 3 सप्ताह पहले सद्दाम और वेदा पहाड़िया उसके घर आए। दोनों ने उसकी मां से कहा कि दिल्ली में बहुत काम है। उसकी मां झांसे में आ गई। आरोपियों ने 10 भी दिए और कहा बाकी पैसा दिल्ली में मिलेगा। लड़की ने पुलिस को बताया कि दो-तीन दिन बाद आरोपी एक बोलेरो गाड़ी लेकर आया। गांव की चार और नाबालिग लड़कियों के अलावा उसे भी ले गया। सभी को एक ही गाड़ी में बैठाकर स्टेशन ले गया। दिल्ली में शकरपुर स्थित घर में ले जाकर रखा। वहीं वह झाड़ू पोछा का काम करती थी और एक लड़का खाना बनाता था। उसी घर में सद्दाम बच्ची के साथ दुष्कर्म करता था।

विधायक की पहल पर बदला गया बोदरा गांव का ट्रांसफार्मर

गोड्डा। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि) । स्थानीय विधायक अमित मंडल की पहल पर बसंतराय प्रखंड के बोदरा ग्राम का ट्रांसफार्मर बदला गया। ट्रांसफार्मर बदलने में विधायक प्रतिनिधि सच्चिदानंद सिन्हा उर्फ गप्पू सिन्हा की अहम भूमिका रही। बोदरा गांव का ट्रांसफार्मर काफी दिनों से खराब था।ग्रामीणों ने विधायक अमित मंडल को ट्रांसफार्मर बदलने के लिए आवेदन समर्पित किया। विधायक श्री मंडल ने ग्रामीणों के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने बिजली प्रतिनिधि गप्पू सिन्हा को समाधान के लिए निर्देशित किया। विधायक प्रतिनिधि गप्पू सिन्हा ने सारे विभागीय प्रक्रिया करवा कर ट्रांसफार्मर निर्गत कराने का कार्य किया। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए विधायक को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है। मौके पर बोदरा ग्राम के राहुल मिश्रा, मिल्टन झा, मंगेश मिश्रा, गिरिराज, राजेश मिश्रा, तुलसी मंडल, सुजीत कुमार उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में बढ़ोत्तरी के कारण चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

महागामा। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि) । लगातार हो रही सड़क दुर्घटना को देखते हुए महागामा के अनुमंडल पदाधिकारी सौरभ कुमार भुवानियां के नेतृत्व में बुधवार को महागामा बसुआ चौक पर वाहन जांच अभियान लगाया गया। वाहन जांच के क्रम में कार्यपालक दंडाधिकारी एजाज आलम, अंचलाधिकारी रंजन यादव एवं थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ उपस्थित थे। वाहन जांच के क्रम में दो पहिया गाड़ियों के जरूरी कागजात एवं वाहन चालक के हेलमेट की जांच की जा रही थी। वहीं चार पहिया वाहनों के चालक के सीट बेल्ट की भी जांच की जा रही थी ।वाहन जांच के क्रम में सैकड़ों दो पहिया वाहनों को पकड़ा गया ।वहीं पकड़े हुए दो पहिया वाहनों से जरूरी कागजात एवं हेलमेट की मांग की गई। जिन दो पहिया वाहनों के चालको के पास जरूरी कागजात एवं हेलमेट नही था, उनसे जुर्माना लेकर कड़ी हिदायत देकर छोड़ दिया गया। जुर्माने में करीब 65000 रुपए वसूले गए।

अनुमंडल पदाधिकारी सौरभ कुमार भुवानियां ने कहा कि नियमित रूप से वाहन जांच अभियान लगाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही इन्होंने लोगों से अपील की है कि बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन न चलाएं, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अदानी पावर प्लांट के गोड्डा यूनिट में उत्पादित बिजली का 10 फीसदी जिला को मिले : दीपिका

» विधायक ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर अदानी पावर प्लांट एवं ईसीएल में 75% नौकरी स्थानीय लोगों को दिलाने का किया अनुरोध

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

गोड्डा । सदर प्रखंड के मोतिया गांव में स्थित अदानी पावर प्लांट में उत्पादित बिजली का 10 प्रतिशत इस जिला को उपलब्ध कराने के लिए महागामा की विधायक दीपिका पांडेय सिंह रेस हो गई हैं। 10 प्रतिशत बिजली के अलावे अदानी पावर प्लांट एवं जिले में स्थित ईसीएल की राजमहल कोयला परियोजना स्थानीय लोगों को 75 प्रतिशत नौकरी दिलाने के लिए विधायक ने मुख्यमंत्री को स्मार पत्र समर्पित किया है।

मुख्यमंत्री को रांची में समर्पित ज्ञापन में विधायक श्रीमती पांडेय ने लिखा है कि महागामा विधान सभा सहित गोड्डा जिला में बिजली की काफी समस्या है। आवश्यकतानुसार बिजली नहीं मिल पाने के कारण यहां रहने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस जिले में स्थित अडानी पॉवर लिमिटेड द्वारा 1600 मेगावाट बिजली उत्पादन किये जाने की तैयारी के बावजूद प्रबंधन द्वारा न तो जिले को बिजली आपूर्ति करने के मामले में रुचि दिखलाई जा रही है और न ही यहा के युवकों को रोजगार देने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। विदित हो कि झारखण्ड राज्य निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवार रोजगार विधेयक, 2021 के द्वारा राज्य में निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई है।

विधायक ने अपने ज्ञापन में कहा है कि स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से उन्होंने गोड्डा में 12 नवंबर 2022 को बायोडाटा संग्रह कार्यक्रम रखी थी, जिसमें जिला प्रशासन तथा गोड्डा नियोजनालय के सहयोग से 7789 युवकों का बायोडाटा जमा हुआ है तथा पूर्व में भी नियोजनालय गोड्डा में हजारों बायोडाटा जमा है। अडानी पॉवर लिमिटेड में अब तक कितने लोग कार्य कर रहे हैं तथा कितने लोगो की आवश्यकता है, कितने स्थानीय लोगो की रोजगार दिया गया है या देने की प्रक्रिया की जा रही है, इसकी जानकारी उपलब्ध नहीं कराया गया है। कमोबेश ईसीएल में भी यही स्थिति है। जिससे युवाओं में आक्रोश है।

अतएव अनुरोध है कि अडानी पॉवर लिमिटेड में उत्पादित बिजली का 10 प्रतिशत गोड्डा जिले को आपूर्ति करने तथा अडानी एवं ईसीएल में होने वाली नियुक्तियों में स्थानीय लोगो को 75 प्रतिशत आरक्षण देते हुए स्थानीय युवकों को रोजगार दिलाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय ।

हाइवा और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक की मौत

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

महागामा। अनुमंडल मुख्यालय के गंगा सागर मोड़ के समीप बुधवार को हाइवा और मोटरसाइकिल की आमने सामने टक्कर हो गई।जिसके कारण मोटरसाइकिल पर सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद मौके से हाइवा फरार हो गया। घटना के कारण मुख्य मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया।मृतक की पहचान महागामा निवासी कैलाश मालाकार के पुत्र छोटू कुमार के रूप में की गई है।घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है कि छोटू कुमार मोटरसाइकिल से मोहनपुर की तरफ से महागामा की ओर आ रहा था। उसी क्रम में विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही हाइवा से सीधे आमने सामने टक्कर हो गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल के दो टुकड़े हो गए थे। जब इसकी सूचना मिलने पर महागामा थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह एवं अंचलाधिकारी रंजन यादव घटनास्थल पर पहुंचे। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन भी आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुचे। छोटू के शव को देखकर परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे।घटना के कारण मुख्य सड़क लगभग तीन घंटे तक बाधित रही। जाम के कारण सड़क के दोनों और गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी। थाना प्रभारी एवं अंचलाधिकारी रंजन यादव के द्वारा परिजनों को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया गया, परंतु परिजनों के द्वारा उनकी बातों को नहीं माना गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि छोटू हमारे घर का एकमात्र कमाने वाला लड़का था। मृतक की कमाई से ही परिवार का भरण पोषण होता था।परिजनों ने बताया कि इसके चले जाने से हमलोगों के आगे दुख का पहाड़ टूट गया है। परिजनों के द्वारा प्रशासन से उचित मुआबजे की मांग भी की गई थी। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि धक्का मार कर भागे हुए हाइवा की पहचान कर ली गयी है, जिसका नंबर जेएच 17 वी 9216 है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द गाड़ी को पकड़ लिया जाएगा। प्रशासन के द्वारा मृतक के परिजनों को आश्वासन दिया गया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सरकार के द्वारा नियमानुसार सहायता राशि दी जाएगी। फिलहाल प्रशासन के द्वारा मृतक के परिजनों को कुछ आर्थिक मदद दी गई। इसके बाद पुलिस के द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोड्डा भेज दिया गया।शव के उठाने के बाद प्रशासन के द्वारा जाम को समाप्त करा दिया गया।

सैकड़ों लोगों ने भाजपा छोड़ थामा कांग्रेस का दामन

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

हिरणपुर(पाकुड़) । हिरणपुर दामिन डाक बंगला में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मुनव्वर आलम की अध्यक्षता में बैठक हुई। मालूम हो कि कांग्रेस जिला अध्यक्ष उदय लखमानी जी के लिट्टीपाड़ा विधानसभा प्रभारी के रूप में ये पहला कार्यक्रम हुआ उनके द्वारा लगातार कार्यकर्ता कांग्रेस से जुड़ रहे है। उदय लखमानी ने कहा कि आमलोगों ने राहुल गांधी का भारत जोड़ो यात्रा देखकर कांग्रेस में शामिल हो रहे है। राहुल गांधी जी ने एक मिशाल कायम की है देश को जोड़ने का काम कर रहे है तोड़ने का नहीं हिरणपुर प्रखंड के लोगों मे भाजपा और केंद्र सरकार के प्रति भारी नाराजगी हो गई है। पेट्रोल, डीजल, गैस एवं खाद्यान्न पदार्थ का दामों में इतना वर्द्धि हो गई है कि मध्यवर्ग लोगों का जीना दुस्वार हो गया है। लोगो का चलने फिरने में भी जीएसटी लग गई है अब कुछ भी काम करो जीएसटी देना होगा यह केंद्र सरकार का निर्णय है। ऐसी केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने का काम है अब तक सैंकड़ों लोग कांग्रेस पार्टी में आस्था जता चुके हैं। जिसमे आम लोग ही नहीं बल्कि भाजपा में उच्च पदों पर रहे लोग भी शामिल हैं। भाजपा नेताओं में बोखलाहट साफ नजर आ रही है। इस बोखलाहट के चलते कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। प्रखण्ड अध्यक्ष मो मनोबर आलम ने कहा कि कांग्रेस नेता मुफिज अंसरी के सहयोग प्रयास से आज जो पार्टी में आया है उससे निश्चित रूप से संगठन में मजबूती आएगी वही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर व हम सबो के अभिभावक मंत्री आलमगीर आलम साहब के निर्देश पर भारत जोड़ो यात्रा को सफल करने को लेकर चर्चा की गई। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालो में बाबुधन मुर्मू जी हथकठि पंचायत के नेतृत्व में मो आशिक जॉन सोरेन, जेठा हेम्ब्रम, वाहिद अंसारी, सहलाम अंसारी, सोलेमान अंसारी, मिठू अंसारी, कलाम अंसारी, मनिर अंसारी, नजरुल अंसारी, साजिद अंसारी, सज्जाद अंसारी, इमरान अंसारी, सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस का दामन थामा। वही प्रखण्ड कमेटी का विस्तार किया गया। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मनोवर आलम, मोफिज अंसारी, सोनू आलम, मंजुला हांसदा, राशका हेम्ब्रम, अबिद इस्लाम, अमृत ठाकुर, मो मुराद अख्तर अंसारी, मोजामिल अंसारी, अली हुसैन, अंसारी जुगल, किस्कू सिमोन, हेम्ब्रम, पांडा साह, मनोरंजन मंडल, मुस्ताक अंसारी, किस्मत अंसारी, तैयब अंसरी, तबारक अंसरी को जिम्मेदारी दी गई मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर, दोनों सवार गंभीर रूप से घायल

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। शिकारीपाड़ा काठीकुंड मुख्य पथ पर भुगतान डीह गांव के निकट दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई,जिसमें दोनों के सवार गंभीर रूप से घायल हो गए है।घायलों की पहचान किरानी हेंब्रम ग्राम पाटो सीमल एवं राजू केवट ग्राम जामूबढ़िया के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार किरानी हेंब्रम शिकारीपाड़ा से अपने घर पाटो सिमल जा रहा था तथा राजू भुगतान डीह से शिकारीपाड़ा की ओर आ रहा था।दोनों का आमने सामने टक्कर हो गया जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।शिकारीपाड़ा पुलिस ने दोनों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया है जहां आयुष चिकित्सक में दोनों को फूलों जानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका के लिए रेफर कर दिया है।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया

देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। तिलक सेवा समिति देवघर कि ओर से आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के जाने माने विद्वान पत्रकार छायाकार को समिति कि ओर से देश के चौथे स्तंभ को सम्मानित विभूषित किया गया। जिन्होंने अपनी वफादारी और ईमानदारी से समाज को दर्पण दिखाने का काम आए दिन अपनी जान जोखिम में डालकर करते रहते हैं। आज समिति पत्रकारों को सम्मान कर खुद को गौरवान्वित महसूस करती है। विभूषित होने वाले मीडियाकर्मी में अजय संतोषी प्रभात खबर से फाल्गुनी मारिक कुशवाहा, नीरज चौधरी, जेम्स कुमार नवाब, अजय परिहस्त अमित सोनी, वीरेश वर्मा, आशुतोष झा कमलेश तुलस्यान, गुडु झा, रंजित कुमार, बबलू साह, परमेश बर्मा न्यूज मकरांत से गोपाल प्रसाद शर्मा विकाश प्रेम रंजन राजकिशोर सहित दर्जनों पत्रकार बंधु को समिति कि और से विशिष्ट सेवा सम्मान से नवाजा गया। मौके पर समिति के केंद्रीय अध्यक्ष हरे कृष्ण राय मुख्य अतिथि के तौर पर कमलेश तुलशयायन मुख्य संरक्षक प्रो राम नंदन सिंह वरीय संरक्षक पूर्व प्रधान जिला जज श्री चेंद्रसेख पाण्डेय राकेश चंद्र राय महाचीव विपुल मिश्र कोष के अध्यक्ष श्री राजेश शाही सुनील कुमार कुणाल कुमार माया केशरी उपस्थित थे।

जब धर्म की हानि होती है आसुरी तत्व की वृद्धि हो जाती है : कपिल भाई

देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। नौ दिवसीय संगीतमय रामकथा ।स्थान चित्रकूट प्रांगण रानी कोठी के निकट देवघर ।आज दिनांक 16 नवंबर 2022 को श्री राम कथा का तीसरा दिन है। विषय है प्रभु राम कैसे प्रगट हुए करण यह आयोजन संगीतमय रामकथा समिति देवघर के द्वारा किया जा रहा है। जिसके अध्यक्ष आर पी एम पुरी, कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, महामंत्री अंजनी कुमार मिश्र, सचिव पंकज सिंह भदोरिया, कथाकार कपिल भाई आज की कथा में यह वर्णन किया जा रहा है कि जब धर्म की हानि होती है आसुरी तत्व की वृद्धि हो जाती है और सज्जनों को कष्ट पहुंचने लगता है तो भगवान की विनती करने पर भी कोई न कोई रूप धारण करके अवतार ग्रहण करते हैं। और सज्जनों की रक्षा करते हैं धर्म की पुनर्स्थापना करते हैं और असुरों का वध करते हैं त्रेता युग में रावण आदि राक्षसों के आतंक से जब धरती पर लोग आतंकित हो गए तब श्री हरि ने मानव धारण करके प्रभु राम के रूप में अवतार लिया। अवतार के चार हेतु रामचरितमानस में वर्णित है जिनमें द्वारपाल प्रसंग और नारद मोह प्रसंग की व्याख्या की जाएगी श्रीहरि के दो द्वारपाल को सनकादिक ऋषि ने तीन जन्म राक्षस होने का श्राप दे दिया ।देवर्षि नारद को जब विश्व मोहिनी नहीं मिली तब वह भगवान श्री हरि को तीन श्राप दे दिया जिसमें प्रथम श्राप था कि मुझे मानव शरीर धारण करके तुमने ठगा है इसलिए तुम भी मानव शरीर धारण करो। इसी प्रकार भगवान ने उस श्राप को मान्यता दी और त्रेता में प्रभु राम के रूप में प्रकट हुए ।कथा आयोजन में अध्यक्ष कार्यकारी अध्यक्ष महामंत्री और सचिव का बहुत ही प्रमुख योगदान है भारी संख्या में लोग आकर कथा प्रवचन को सुन रहे हैं ।और आनंद ले रहे हैं। यह देख कर सभी लोग प्रसन्न चित्त हैं।

मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापन देने रांची जाएंगे झामुमो कार्यकर्ता

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। 1932 खतियान एवं ओबीसी आरक्षण पर झारखंड सरकार के ऐतिहासिक निर्णय पर रांची पहुंचकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद ज्ञापन देने हेतु गोपीकांदर के झामुमो कार्यकर्ताओं ने बुधवार को झामुमो कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष संतोष मरांडी की अध्यक्षता में एक बैठक की।जिसमें रांची जाने के लिए रूपरेखा तय की गई। वही प्रखंड के वरिष्ट कार्यकर्ता हराधन पाल ने कहा कि सात पंचायतों के तीन तीन सक्रिय कार्यकर्ताओ की सूची तैयार कर लगभग चालीस सदस्य 17 नवंबर को शाम को रांची के लिए प्रस्थान करेंगे। मौके पर लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के गोपीकांदर विधायक प्रतिनिधि लखीचंद मंडल,हराधन पाल सुलेमान हांसदा,अरनेस्ट हांसदा,दनियाल हेंब्रम,मंगल सोरेन,अमित सिंह,निजु मंडल,सकल मरांडी,देवान मरांडी दशरथ भगत,अमरनाथ भगत,शिला सोरेन,मुन्ना मुर्मू, सुशील हेंब्रम, गोवर्धन मुर्मू सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

धूमधाम से मनाया जा रहा है श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र का बीरभूम आगमन दिवस

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। रानीश्वर प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत अन्तर्गत दिगुली संलग्न हरिपुर के सत्संग केन्द्र में बुधवार को श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र के 71 वें बीरभूम आगमन दिवस पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में ऋत्विक अनिल चक्रबर्ती,सभापति ऋत्विक कांति दे,आशीष मुखर्जी, शयाम राय,बिकास माहातो,जितेन मित्र,शयाम लाल मुर्मू,ऋत्विक राजेश, रंजन ऋत्विक एवं भारत सेवाश्रम संघ पाथरा आश्रम के स्वामी नित्यव्रता नंद महाराज उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि वर्ष 1952 के 16 नवंबर को ठाकुर अनुकूल चंद्र यहां आए थे।प्रत्येक वर्ष 16 नवंबर को यहां सतसंग केंद्र में बीरभूम आगमन दिवस का आयोजन किया जाता हैं । बीरभूम जिला के हरिपुर एवं रानीश्वर प्रखंड के दिगुली मौजा के 15 बीघा दस कठा दस धूल जमीन पर सतसंग केंद्र स्थापित किया गया हैं ।उस चहारदीवारी से घिरे सतसंग के दक्षिण भाग का प्रबेश द्वार बीरभूम के हरिपुर एवं उत्तर प्रान्त का प्रबेश द्वार गोबिंदपुर पंचायत के दिगुली मौजा में हैं। समारोह में आयोजित आनंद मेला में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया है ।

कृषि मंत्री की पहल पर खुटेहरी निवासी रामप्यारी देवी को असाध्य रोग चिकित्सा के लिए मिला अनुदान

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र के राजा सिमरिया पंचायत अंतर्गत खुटेहरी गांव निवासी गोपाल प्रसाद साह की पत्नी रामप्यारी देवी असाध्य रोग से ग्रसित थी। उसके परिवार की माली हालत बेहद खराब रहने की वजह से परिवार वाले समुचित इलाज कर पाने में असमर्थ थे। परिवार वालों ने इसकी जानकारी क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय विधायक सह कृषि मंत्री बादल पत्रलेख को दी। बादल पत्रलेख के सार्थक पहल पर असाध्य रोग से ग्रसित रामप्यारी देवी को इलाज के लिए कुल दो लाख 22811 रुपए का चिकित्सा अनुदान प्राप्त हुआ। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए कृषि मंत्री के सहयोगी सह प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने बताया की खुटेहरी निवासी रामप्यारी देवी असाध्य रोग से ग्रसित थी। उसके समुचित चिकित्सा के लिए असैनिक शल्य चिकित्सक मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी दुमका के द्वारा मेहरबाई टाटा मेमोरियल अस्पताल, जमशेदपुर को मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत कुल दो लाख 22 हजार 811 रुपए की सहायता राशि मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वीकृति उपरांत अस्पताल के खाते में हस्तांतरित कर दिया गया है। इस मौके पर असाध्य रोग से ग्रसित रामप्यारी देवी पति गोपाल साह एवं पूरे परिवार वालों ने कृषि मंत्री बादल पत्रलेख एवं राज्य सरकार को इस त्वरित व सार्थक पहल के लिए धन्यवाद दिया है।

प्रखंड कार्यालय में किया गया समीक्षात्मक बैठक

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

देवघर। प्रखंड विकास पदाधिकारी देवघर जितेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में किया गया साप्ताहिक समीक्षा बैठक। समीक्षा बैठक में उन्होंने महात्मा गांधी मनरेगायोजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबासाहेब अम्बेडकरआवास, बागवानी के साथ सभी को ग्रामसभा प्रत्येक पंचायत में कराने का डेट निर्धारित कर दिया गया है। उसी डेट पर सभी पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन करना सुनिश्चित करें ।बैठक में सभी बीएलओ सुपरवाइजर को भी निर्देश दिया गया है ,अधिक से अधिक मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में ध्यान देना है ।ज्यादा से ज्यादा फार्म सिक्स ऑनलाइन करना सुनिश्चित करें ।नए -नए मतदाता किसी भी प्रकार से छूटना नहीं चाहिए। जिनका उम्र 1 जनवरी 2023 को 18 साल पूरा हो रहा है, अधिक से अधिक मतदाता को ऑनलाइन करना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें वोट डालने में कोई परेशानी नहीं हो। बैठक में शशांक शेखर, लक्ष्मी नारायण रावत, शुभम, शिवराज, सुधांशु शेखर सिंह, नंदकिशोर झा, प्रभाकर, प्रकाश ,साजिद, चंद्रशेखर, प्रवीण, राजेश वर्मा, सुमित कशयप, रणजीत ,आदित्य वर्मा, मुकेश, केबल प्रसाद, परिमल, उदय पांडे, गुंजन दुबे, अब्दुल्लाह अंसारी, आशीष कुमार, राजहंस पांडे, संगीता मिश्रा, शशिकांत, शुभम, विजय पांडे, कन्हाई दास, मुकेश पांडे, सुशील शेखर, दिलीप यादव, राजेश्वर दास आदि उपस्थित थे।

जमुआ विधानसभा स्तरीय साहू समाज का मंडरो में बैठक संपन्न

समाज में व्याप्त विभिन्न कुरूतियो का उन्मूलन, समाज सशक्तिकरण पर दिया गया बल

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

REDMI NOTE 9
AI QUAD CAMERA

जमुआ। बुधवार को देवरी प्रखंड पंचायत बरवाबाद के अंतर्गत ग्राम मंडरो में साहू समाज जमुआ विधानसभा स्तरीय बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता साहू समाज के पंचायत अध्यक्ष द्वारिका साहू ने किया।मंच संचालन मारूडीह पंचायत के मुखिया दामोदर साहू ने किया।सर्वप्रथम माल्यार्पण करके सभा को प्रारंभ किया गया।मुख्य अतिथि साहू समाज जमुआ विधानसभा के अध्यक्ष राजकुमार साहू ने उपस्थित स्वजाती सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व निर्धारित के अनुसार 8 जनवरी 2023 कोद्वितीय तेली महासम्मेलन मंडरो के पेट्रोल पम्प के बगल के मैदान किया जाना है।साहू समाज जमुआ विधानसभा के सचिव सह पूर्व उपप्रमुख प्रवीन साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की द्वितीय तेली महासम्मेलन को सफल करने के लिए अपने स्वजाती बंधुओं आपस मे एकता और भाईचारा बनकर रहना है।सदर जमुआ के अध्यक्ष अशोक साहू ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने स्वजाती बहुल गांव में जाकर लोगो को जागरूक करना होगा।ताकि द्वितीय तेली महासम्मेलन भव्य रूप से आयोजन हो सके।मीडिया प्रभारी सुबोध कुमार साहू,संगठन मंत्री सुरेश साहू,प्रखंड अध्यक्ष छोटू साहू,सदस्य सुरेश साहू,पंचायत सचिव त्रिभुवन साहू,प्रखंड कोषाध्यक्ष रूपनारायण साहू,संगठन मंत्री वकील साहू,सुनील साहू,भैरो साहू,पंचायत अध्यक्ष रोहित साहू ,सुनील साहू ने भी अपने अपने विचार को व्यक्त किया।उक्त अवसर पर नारायण साहू,दशरथ साहू,सीताराम साहू,अंग्रेज साहू,नुनेश्वर साहू,जोधि साहू,लक्ष्मी साहू,अनिल साहू,अजय साहू,दिनेश साहू,उपेन्द्र साहू,त्रिलोकी साहू,गेंदों साहू,अशोक साहू,लक्ष्मण साहू,लखन साहू,सेवानिवृत्त डाकाधिकारी लोकनाथ साहू सहित सैकड़ो स्वजाती बंधु उपस्थित थे।

जनप्रतिनिधियों ने पंचायत के गरीबों के बीच किया कंबल वितरण

बेंगाबाद/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। बेंगाबाद प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बेंगाबाद के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि प्रवीण कुमार राम और वार्ड पार्षद सतीश मंडल ने ठंड के बढ़ते हुए प्रकोप को ध्यान में रखते हुए और इस सर्दी से अपने पंचायत के वृद्ध, विधवा एवं असहाय लोगों को तत्काल कुछ राहत देने के उद्देश्य से बुधवार को उन सभी के बीच काफी संख्या में कंबलों का वितरण किया। पंचायत समिति सदस्य और वार्ड पार्षद के सौजन्य से बढ़ती हुई शीतलहर के बीच कंबलों का सौगात पाकर पंचायत के अंतिम पायदान पर खड़े जन साधारण के चेहरों पर प्रसन्नता की लहर देखी गई। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य की प्रतिनिधि प्रवीण कुमार राम ने बताया कि नवंबर का महीना आरंभ हो चुका है और सर्दी बढ़ गई है। पंचायत के गरीब लोग ऐसे सर्द मौसम में काफी परेशानियों का सामना करते हैं। पंचायत वासियों को ठंड से निजात दिलाने के उद्देश्य से इनके बीच आज कंबलों का वितरण किया गया है। वार्ड पार्षद सतीश मंडल ने कहा कि आने वाले समय में जल्द ही ऐसे और भी कई लोगों के बीच कंबल बांटने का काम किया जाएगा और साथ ही पंचायत के विभिन्न स्थानों पर आम जनता की सुविधा के लिए अलाव की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी।

कुशवाहा संघ सरिया की बैठक संपन्न, कई मुद्दों पर हुआ चर्चा

गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। जिला के सरिया प्रखंड में कुशवाहा संघ सरिया प्रखंड कमेटी की बैठक राजकीय बुनियादी विद्यालय कोयरीडीह में पूर्व से निर्धारित समय के अनुसार किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जयप्रकाश कुमार वर्मा ने किया बैठक का प्रारंभ एक दूसरे के परिचय के साथ किया गया। जहां पर सरिया प्रखंड के कई कुशवाहा समाज के बुद्धिजीवी उपस्थित थे। सभी लोगों द्वारा समाज में हो रहे कुरीतियों को मिटाने और आर्थिक सशक्तिकरण पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही आगामी सरिया नगर चुनाव को लेकर भी विचार-विमर्श की गई। कार्यक्रम को सांसद प्रतिनिधि मनोज महतो ,पूर्व जिप सदस्य अर्जुन प्रसाद आर्य, रीतलाल वर्मा, रामबाबू, बसंत वर्मा ,अवधेश वर्मा ,दशरथ वर्मा ,लक्ष्मण वर्मा ,जगदीश महतो सहित कई ने संबोधित किया।

देवीपुर सीओ द्वारा स्कूली बच्चों को पढ़ाया गया कैमिस्ट्री का पाठ

देवीपुर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। प्रखंड मुख्यालय स्थित देवीपुर बाजार के निकट प्लस टू विद्यालय केन्दुआ देवीपुर में देवीपुर अंचलाधिकारी सुनील कुमार ने क्लास नवम के बच्चों एवं बच्चीयों को केमेस्ट्री विषय का पढ़ाकार बच्चों के मन में उठ रहे सवाल का हल बताया । विदित हो कि देवीपुर सीओ ने बीते कई दिन पूर्व रामुडीह विद्यालय में क्लास 9 और 10 के छात्र छात्राओं को गणित विषय पढ़ाये थे और आज बुधवार को पुनः केन्दुआ विद्यालय पहुंचे तो क्लास के बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। सीओ ने पहले बच्चों को अपने कार्य क्षेत्र के बारे में बताया उसके बाद बच्चों को सौर प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दिए। बच्चे भी कक्षा में काफी रुचि लिये। साथ ही सीओ ने भी बच्चों की अधिगम स्तर की प्रसंशा करने से अपने आप को रोक नहीं पाए। सीओ ने प्रधानाध्यापक दिलीप मंडल से बात करते हुए कहा कि स्कूल के बच्चे पढ़ाई में काफी रुचि ले रहे है उन्होंने कहा कि इसका श्रेय स्कूल के सभी शिक्षकों को जाता है निश्चित रूप से इस स्कूल के सभी शिक्षक मेहनती है। उन्होंने कहा की फिर समय मिलने पर आऊंगा। मौके पर अवधेश मंडल, सोनम कुमार सोनू, सुमित कुमार, सत्येंद्र कुमार, अर्चना कुमारी, कंचन माला, सुशांत गौरव, सुजीत कुमार राय, वीरेंद्र प्रताप, अमर कुमार, गौरव कुमार, अभिषेक कुमार सिंह व राजेंद्र महतो आदि सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थें।

झारखंड टीम के कोच बने आलोक कुमार

देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। 47वां जूनियर नेशनल कब्बड़ी टूर्नामेंट जो की हरिद्वार में 17 नवंबर से 20 नवंबर तक चलेगा, उसके लिए झारखंड टीम के कोच बने आलोक कुमार देवघर से हरिद्वार जायेगे। इनके चयन पे डीएसए सचिव आशीष झा कबड्डी संघ के अध्यक्ष राम प्रवेश सिंह,वॉलीबाल संघ के सचिव नवीन शर्मा,कृष्ण कुमार बर्नवाल,पंकज भलोटिया, रविकेश कुमार ,ज्ञान शाही, नितेश झा, ने खुशी जाहिर किया।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सेमिनार का किया गया आयोजन

जरूरत है पत्रकारों को अपने मोरल और एथिक्स को डिसाईड करनें की: उपविकास आयुक्त

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2022
सेमिनार
Media's Role in Nation building
स्थल - सूचना भवन सभागार देवघर

देवघर। स्थानीय सूचना भवन के सभागार में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।इस दौरान मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला के उपविकास आयुक्त डॉ ताराचंद उपस्थित हुए।वहीं कार्यक्रम की सुरुवात मुख्य अतिथि डॉ तारा चंद,डीपीआरओ रवि कुमार,प्रो रामानन्द सिंह और प्रेस क्लब के अध्यक्ष जेम्स कुमार नवाब ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी रवि कुमार ने कहा कि आज मीडिया देश को मजबूती प्रदान करने में अहम रोल प्ले करता है।मीडिया भी संबिधान का एक अहम अंग है हमारे बगैर देश को मजबूती प्रदान करना मुश्किल है।मीडिया हर हमेसा देश को मजबूत करनें में अपना सकारात्मक सहयोग करता है जो बहुत जरूरी है।बस हमें अपनी भूमिका को जानने और समझने की जरूरत है ताकि संबिधान के चारो स्तंभ मिलकर देश की मजबूती में अपना सहयोगात्मक भूमिका में रहें।वहीं इस दौरान डीडीसी डॉ तारा चंद ने पत्रकारों को सम्बंधित करते हुए कहा कि हमें अपने अंदर के ताकत को जानने की जरूरत है।वहीं उन्होंने प्रेस की भूमिका देश निर्माण में क्या है उसे भी प्रस्तुत किया।श्री तारा चंद ने आगे कहा कि जरूरत है अपने मोरल और एथिक्स को डिसाईड करनें की तभी हम अपनी योग्यता और क्षमता को सही तरीके से प्रस्तुत कर सकते हैं।वहीं प्रेस क्लब के अध्यक्ष जेम्स कु नवाब ने कहा कि राष्ट्र निर्माण पत्रकारों ने ही किया है,हमारी भूमिका आजादी से ही रही है,हम सभी हर परेशानी को झेलकर भी राष्ट्रनिर्माण में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।बस देश और राज्य की सरकार पत्रकारों के विषय में चिंतन करें यह बहुत जरूरी है।मौके पर उपस्थित प्रकारों ने भी अपने अपने विचारों को रखा।

पंचायत समिति सदस्यों का सभागार में बैठक

माले सचिव ने कहा सीओ कार्यालय दामिनी पिक्चर की याद दिलाती है

- लोगों को ऑनलाइन तक नहीं हो पाता है समय पर, महीनों प्रखण्ड व अंचल के लगाते है चक्कर

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

बिरनी। प्रखण्ड मुख्यालय में बुधवार को पंचायत समिति की तीसरी बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख रामु बैठा ने किया वहीं संचालन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने किया। इसके अलावा माले प्रखण्ड सचिव सह झामस के महासचिव सीताराम सिंह, अंचलाधिकारी अशोक राम, पशु पालन विभाग, आपूर्ति विभाग, स्वास्थ विभाग, कल्याण विभाग, कृषि विभाग,शिक्षा विभाग, मनरेगा कर्मी, कर्मचारी भी बैठक में उपस्थित थे।

वहीं हरबार की तरह बिजली विभाग इस बैठक मे अनुपस्थित रहे ।प्रमुख तथा उपप्रमुख ने पिछले बैठक में लिए गए प्रस्ताव की समीक्षा करते हुए शिक्षा विभाग एवं पीएचडी विभाग के लिए लिया गया निर्णय में आज तक कोई काम नहीं किया ।

- **प्रमुख ने कहा**

जिस पर प्रमुख ने कहा कि इससे साबित हो रहा है कि अधिकारी सिर्फ विभाग की कुर्सी तोड़ रहे हैं या पंचायत समिति को गुमराह कर रहे हैं। कहा कि हम जनप्रतिनिधि क्षेत्र में रहते हैं आपके काम नहीं करने से हम जनता के बीच शर्मिंदा होना पड़ता है।

- **प्रखण्ड सचिव ने कहा**

इस दौरान प्रखण्ड सचिव सीताराम सिंह ने कहा कि अंचल के निष्क्रियता के कारण लोग कानून को हाथ लेकर उलझ पड़ते हैं जिसके कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ता है। जाति आवसीय का ऑनलाइन के लिए लोगों को महीनों प्रखण्ड का चक्कर लगाते हैं। जिस पर बीडीओ सीओ गंभीर नहीं हैं। लोगों को तारीख पर तारीख मिलने पर दामिनी पिक्चर की याद दिलाती है। छोटी छोटी मोटी बातों पर कर्मचारियों से हो जाती है कहासुनी भी हो जाती है।

- **उपप्रमुख ने कहा**

उपप्रमुख शेखर शरण ने हल्का कर्मचारियों को स्थानांतरित न करने पर सवाल उठाते हुए कहा कि किन कारणों से कर्मचारियों को लगातार आठ दस सालों से एक ही पंचायत में रखा गया है?आगे उपप्रमुख ने प्रखण्ड परिसर में मोटरसाइकिल शेड का निर्माण, सरकारी विद्यालयों में शौचालय की स्थिति में सुधार तयह भेंडरो द्वारा सरिया का किसी खास दुकान से स्कूलों के विकास कार्यों में लगाए जाने वाला सामग्रियों का बिल पर जांच की मांग की।

- **सीओ ने कहा**

जिला स्तर पर पूरे जिले स्तर पर होना था लेकिन नहीं हुआ, पीएम किसान व अन्य कामों के चलते स्थांतरण नहीं किया गया।एक महीने के अंदर स्थांतरण की होगी।आवासीय तथा अन्य जरूरी कामों के ऑनलाइन की बात पर सही कागजाद समय पर नहीं मिलने पर देरी होने का कारण बताया।

वहीं सांसद प्रतिनिधि महेंद्र यादव ने थाना दिवस पर ग्रामीणों का एक भी केश थाना निबटाया न जाने पर सवाल किया कहा कि थाना दिवस पर सिर्फ लोगों का आर्थिक स्थिति की पहचान कर पदाधिकारी द्वारा काम को किया जाना चिंता का विषय है।

उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा अवैध चिकित्सा पर पत्रकारों द्वारा बार बार प्रकाशित करने के बावजूद निरीक्षण नहीं किये जाने पर चिकित्सा प्रभारी को घेरते दिखे। कहा कि चिकित्सा पदाधिकारी कुलदीप तिर्की अपने चेम्बर में न बैठकर अन्य निजी संस्थानों तथा नर्सिंग होम में प्रवेट से लोगों का इलाज करते देखे जाते हैं। इस दौरान विभिन्न पंचायतों के पंचायत समिति सदस्य तथा मुखिया मौजूद थे।

एम्स के चिकित्सकों द्वारा चलाया गया स्वास्थ्य जागरूकता अभियान


How to Handwash
WASH HANDS WHEN VISIBLY SOILED! OTHERWISE USE HANDRUB
Duration of the entire procedure: 40-60 Seconds

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

देवीपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान देवीपुर देवघर के चिकित्सकों की टीम ने बुधवार को संत जोसेफ स्कूल देवीपुर के सभागार में प्रिंसपल कृष्टो राज की मौजूदगी में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया।जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ और नर्सिंग कॉलेज की मेडिकल स्टूडेंट्स ने भाग लिया। जिसमें असिस्टेंट प्रोफेसर नवजोत कुमार, विनिता मिश्रा, ममता शुक्ला,मि0 बसंथ, मि0 श्रवण बाप्पा समेत मेडिकल कॉलेज छात्राओं ने भाग लिया।जिसमें स्वास्थ्य जागरूकता के बारे में संत जोसेफ स्कूल देवीपुर के छात्र छात्राओं को स्वस्थ जीवन जीने के लिए कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी,जिसमें हाथ की सफाई शौच जाने के बाद और भोजन करने से पहले अच्छी तरह म्यूजिकल सिस्टम से नृत्य कला का प्रदर्शन करते हुए जानकारी दी।बताया कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम की जरूरत है।बीमारी से बचाव के लिए विभिन्न जानकारी दी गई। दांत की सफाई सुबह भोजन करने से पहले और रात को भोजन करने के बाद आवशयक है।कानून में किसी प्रकार की धातु और लकड़ी के टुकड़े नहीं डालने की सलाह दी गई। कान नाक की सफाई के बारे में फ्लैश बोर्ड के द्वारा जानकारी दी गई। हाथ नियमित रूप से साबुन हैंडवास और शैम्पू से करने की सलाह दी गई। बालिकाओं को बाल में जूंए नहीं हो इसके लिए बालों को केयर करने के उपाय बताये गये।शरीर के स्कीन की सफाई करने के लिए नित्य दिन बिना बहाना किये साबुन से स्नान करने की सलाह दी।ठंड के मौसम में केवल गर्म पानी से नहीं नहाकर ठंडा और गर्म पानी मिक्स कर नहाने की सलाह दी गई। गंदे हाथ से भोजन नहीं कर साबुन से अच्छी तरह धोकर ही भोजन करने,भोजन में पोषक तत्वों के सेवन करने की सलाह दी गई। दूध फल,अंडे,हरी सब्जियों में प्रचूर मात्रा में विटामिन और कैल्शियम प्रचूर मात्रा में मिलता है।जिसका सेवन स्वस्थ शरीर के लिए आवशयक है।कई छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य की भी जांच इस जागरूकता शिविर में की गई।

नियमित टीकाकरण हेतु बैठक आयोजित

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

देवघर। प्रखंड विकास पदाधिकारी देवघर जितेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता में नियमित टीकाकरण हेतु किया गया बैठक। बैठक में सीएचसी प्रभारी डॉ अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि दिनांक 1 दिसंबर 2022 से 14 दिसंबर 2022 तक विशेष टीकाकरण अभियान का आयोजन किया जाएगा ।इसके लिए स्पेशल कैंप सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर लगाया जाएगा ।शहरी एवं ग्रामीण कुल मिलाकर 330 आंगनबाड़ी केंद्रों में नियमित टीकाकरण किया जाना है। इसके लिए सेविका, सहायिका को विशेष रूप से कार्य करने की हिदायत दी गई है ।डॉ अवधेश कुमार ने बताया कि 95% टारगेट पूरा करना है। जहां-जहां मीजिल्स का आउटब्रेक हुआ है ,वहां पर विशेष कैंप करना है। बैठक में सीडीपीओ शहरी कुमारी प्रभावती ,एमटीएस राजीव रंजन, सुपरवाइजर लक्ष्मी कुमारी ,पंकज कुमार आदि उपस्थित थे ।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि 23 तारीख तक सभी ड्यू लिस्ट को चेक कर लेना है ।24 तारीख को एक बैठक बुला लेना है और अगर नहीं संभव हो पाया। कार्य अपूर्ण रहा तो 30 नवंबर को विशेष बैठक बुलाकर रोस्टर पूरा करना है। रोस्टर के अनुसार सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर नियमित टीकाकरण किया जाएगा।

आबकारी थाना प्रभारी ने छापेमारी कर विदेशी शराब जप्त कर एक को किया गिरफ्तार

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

देवघर। मोहनपुर के रिखिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत पैसारदह गांव में एक निजी किराना स्टोर में विदेशी शराब की बिक्री धड़ल्ले से कर रहा था। जिसकी गुप्त सूचना मिलने पर दिनांक 16 नवंबर 2022 को समय 1:40 अपराह्न में अधीक्षक उत्पाद देवघर के निर्देश पर उज्जवल कुमार मंडल,प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के पर्वेक्षण में रुपेश कुमार अवर निरीक्षक उत्पाद, देवघर द्वारा अपने अधीनस्थ उत्पाद बल, प्रतिनियुक्त पुलिस बल एवं सशस्त्र गृहरक्षको एवं देवीलाल सोरेन अवर निरीक्षक उत्पाद मधुपुर अंचल के सहयोग से स्थान ग्राम पैसारदह थाना रिखिया, जिला देवघर में उत्पाद छापमारी की गयी। जहाँ गिरफ्तार अभियुक्त का नाम- अमोद राउत, उम्र-24 वर्ष करीब पेसरदाहा थाना रिखिया जिला देवघर के घर पर उत्पाद छापामारी के क्रम में उनके घर से जप्ती (1.) अवैध विदेशी शराब 30.915 लीटर (2.) अवैध बीयर 20.00 लीटर। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजने हेतु करवाई की जा रही हैक

कृषि मंत्री की पहल पर खुटेहरी निवासी रामप्यारी देवी को असाध्य रोग चिकित्सा के लिए मिला अनुदान

जरमुंडी के खुटेहरी निवासी रामप्यारी देवी को कृषि मंत्री की पहल पर दो लाख 22 हजार 811 रुपए का चिकित्सा अनुदान मिला

झारखंड देंखो/प्रतिनिधि।

बासुकीनाथ। जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र के राजा सिमरिया पंचायत अंतर्गत खुटेहरी गांव निवासी गोपाल प्रसाद साह की पत्नी रामप्यारी देवी असाध्य रोग से ग्रसित थी। उसके परिवार की माली हालत बेहद खराब रहने की वजह से परिवार वाले समुचित इलाज कर पाने में असमर्थ थे। परिवार वालों ने इसकी जानकारी क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय विधायक सह कृषि मंत्री बादल पत्रलेख को दी। बादल पत्रलेख के सार्थक पहल पर असाध्य रोग से ग्रसित रामप्यारी देवी को इलाज के लिए कुल दो लाख 22811 रुपए का चिकित्सा अनुदान प्राप्त हुआ। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए कृषि मंत्री के सहयोगी सह प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने बताया की खुटेहरी निवासी रामप्यारी देवी असाध्य रोग से ग्रसित थी। उसके समुचित चिकित्सा के लिए असैनिक शल्य चिकित्सक मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी दुमका के द्वारा मेहरबाई टाटा मेमोरियल अस्पताल, जमशेदपुर को मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत कुल दो लाख 22 हजार 811 रुपए की सहायता राशि मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वीकृति उपरांत अस्पताल के खाते में हस्तांतरित कर दिया गया है। इस मौके पर असाध्य रोग से ग्रसित रामप्यारी देवी पति गोपाल साह एवं पूरे परिवार वालों ने कृषि मंत्री बादल पत्रलेख एवं राज्य सरकार को इस त्वरित व सार्थक पहल के लिए धन्यवाद दिया है।

हेल्थ इंश्योरेंस के संबंध में चलाया गया जागरुकता अभियान

देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। चोला एम एस हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा हेल्थ इंश्योरेंस के संबंध में जाग रुकता अभियान चलाया गया। इसमें लोगों को बताया गया कि हेल्थ इंश्योरेंस कितना जरूरी है। आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में हेल्थ इंश्योरेंस नहीं रहने पर किन सारी समस्याओं से सामना करना पड़ता है और कितनी परेशानी होती है। यह सब जानकारी सारे अभिकर्ता और ग्राहक को दिया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में कंपनी के वैलनेस ऑफिसर विकास कुमार, टीएम गौतम कुमार शर्मा, जोनल मैनेजर सोमेन राऊत और ट्रेनर राकेश जी द्वारा बताया गया ।वहीं मौके पर पहुंचे अन्य लोग भी हेल्थ इंश्योरेंस को लेकर काफी गंभीर देखें और उन्होंने इस स्कीम के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

आरके महिला कॉलेज गिरिडीह में पॉलिटिकल साइंस और जुलॉजी स्नातकोतर की पढ़ाई प्रारंभ

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

गिरिडीह। आरके महिला कॉलेज में आज से पॉलिटिकल साइंस और जियोलॉजी में स्नातकोत्तर की पढ़ाई प्रारंभ की गई। इस अवसर पर एक उद्घाटन समारोह रखा गया था। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ मधुश्री सेन सन्याल ने किया ।विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व की प्राचार्या डॉ पुष्पा सिन्हा और डॉ गीता डे उपस्थित थीं ।इस अवसर पर पॉलिटिकल साइंस के विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर सुशील कुमार राय ने कहा कि लंबे समय के बाद आरके महिला कॉलेज में पॉलिटिकल साइंस की पढ़ाई शुरू हुई है। इसका पूरा का पूरा श्रेय डॉक्टर मधुश्रीसेन सन्याल को जाता है ।उन्होंने कहा कि सभी छात्राओं को 75 % उपस्थिति अनिवार्य है ।पूर्व की प्राचार्य डॉ गीता डे ने कहा कि इस कॉलेज की नींव बहुत ही गहरी पड़ी है। जिस वजह से आज यहां पीजी की अलग-अलग कक्षाएं प्रारंभ हो रही है। आज मुझे बहुत खुशी हो रही है कि पॉलिटिकल साइंस और जियोलॉजी में यहां स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू हुई है।

पूर्व की प्राचार्य डॉ पुष्पा सिन्हा ने कहा कि आरके महिला कॉलेज ने यह ठाना है कि शहर की समस्त बेटियों को स्नातकोत्तर की पढ़ाई यहीं से करवाई जाए और इसी कड़ी में हिंदी,इतिहास,पॉलिटिकल साइंस और जूलॉजी की पढ़ाई में पीजी की पढ़ाई शुरू हुई है इन्होंने प्राचार्या मधुश्रीसेन सन्यान को बहुत-बहुत बधाई दी।

प्राचार्या डॉ मधुश्रीसेना सन्याल ने कहा कि मैं यहां लगभग 35 वर्षों से सेवा देते आ रही हूं। मैं यह चाहती हूं कि यह कॉलेज पूरे झारखंड राज्य में एक बेहतर महिला कॉलेज के नाम से जाना जाए। इस कड़ी में आज दो नये विषयों की पीजी की पढ़ाई शुरू हुई है ।

कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन हिंदी के प्रोफेसर महेश अमन ने दिया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर इंदु, डॉक्टर ज्योति चौधरी,प्रोफ़ेसर लक्ष्मण कुमार राम,प्रोफ़ेसर रश्मि तथा प्रोफ़ेसर शिखा तथा जूलॉजी और पॉलिटिकल साइंस पीजी की सभी नई छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित थीं

SRI R.K. MAHILA COLLEGE, GIRIDIH
Inauguration of
PG ZOOLOGY
&
PG POLITICAL SCIENCE
Date
Time

अतिरिक्त राशन वितरण नहीं होने से कार्ड धारकों मेंआक्रोश

भाकपा माले ने लिया संज्ञान दिया अल्टीमेटम

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

गिरिडीह। अतिरिक्त राशन वितरण की घोषणा के बावजूद कार्डधारकों को अतिरिक्त राशन नहीं मिल रहा है। वहीं, झारखंड सरकार द्वारा बनाए गए ग्रीन कार्ड पर भी राशन बंद है। यह गरीबों के साथ सरासर अन्याय है। तत्काल राशन वितरण की व्यवस्था शुरू की जाए अन्यथा भाकपा माले आंदोलन करेगी।उपरोक्त बातें भाकपा माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने आज गांडेय प्रखंड के चंपापुर में संपन्न ग्रामीणों के साथ एक बैठक को संबोधित करते हुए कही।उन्होंने कहा कि, राशन नहीं मिलने से गरीब कार्डधारकों की स्थिति बेहद खराब है, इसलिए उन्हें तुरंत राशन उपलब्ध कराने की जरूरत है। इधर बैठक में जनता के दूसरे सवालों पर भी चर्चा हुई, जिसके बाद विभिन जन सवालों पर संघर्ष करने के लिए गांव में माले समर्थित झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा का सदस्यता अभियान तेज करने का निर्णय लिया गया। मीटिंग की अगवाई पार्टी के प्रखंड सचिव महताब अली मिर्जा तथा संचालन हबीब अंसारी एवं आफताब आफताब अंसारी ने संयुक्त रूप से किया।आज के मीटिंग के दौरान कई लोगों ने झामस की सदस्यता ग्रहण की, जिसमें मुख्य रूप से आफताब अंसारी, हबीब अंसारी, कलाम अंसारी, जुद्दीन अंसारी, युनुस अंसारी, लखेंद्र मुर्मू, मोलीन मुर्मू, राधे मुर्मू, करामत अंसारी, बसीर अंसारी, रफीक अंसारी, रूबेल मुर्मू, रहमतुल्लाह अंसारी, मोबीन अंसारी, मोइनुद्दीन अंसारी, यासीन अंसारी आदि थे।

संपादकीय

राहत का वीजा

सबसे बड़ा जो कदम उठाया गया है वह यह कि एक लाख अतिरिक्त वीजा जारी करने का फैसला किया है। जैसा कि दावा किया जा रहा है कि अमेरिका के लिए वीजा इंतजार का वक्त घट कर उतना ही रह जाएगा, जितना कोरोना महामारी से पहले लग रहा था। अभी वीजा के लिए लोगों को आठ सौ चवालीस दिन तक यानी सवा दो साल से भी ज्यादा का इंतजार करना पड़ रहा है। अगर पर्यटकों को छोड़ दें तो भारत से नौकरी और पढ़ाई के लिए बड़ी संख्या में छात्र अमेरिका जाते हैं। ऐसे में वीजा के लिए इतना लंबा इंतजार लोगों के लिए नए संकट खड़े कर देता है और लोग अनिश्चितता के भंवर में फंसे रहते हैं। गौरतलब है कि कोरोना महामारी की वजह से अमेरिका ने दूसरे देशों से अपने यहां आने वाले नागरिकों को लेकर सख्त कदम उठाए थे और उन्हें वीजा देना बंद कर दिया था। इसके पीछे एक बड़ा कारण तो यह था ही कि बाहर से आने वाले लोग वहां कोरोना संक्रमण फैलाने का कारण न बनें, साथ ही कोरोना से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को जो नुकसान पहुंचा और बेरोजगारी बढ़ी, उसके मद्देनजर भी लोगों का आना प्रतिबंधित किया गया। अमेरिकी वीजा में होने वाली देरी का मुद्दा कोई नया नहीं है। विदेश मंत्री एस जयशंकर भी अपने अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन के साथ समय-समय पर बातचीत में इस मुद्दे को उठाते रहे हैं। हालांकि वीजा देरी पर अमेरिकी प्रशासन जो तर्क देता रहा है, वह समझ से परे रहे हैं। पहला तो यही कि अमेरिकी सरकार अपने दूतावासों में कर्मचारियों की कमी की बात कहती आई है। यह भी कि पिछले कुछ समय में वीजा के लिए आवेदन करने वालों की संख्या में अचानक तेजी आ गई। भारत को यह बात इसलिए भी ज्यादा अखरी कि चीन और पाकिस्तान के छात्रों को अमेरिका के लिए वीजा फटाफट मिलने की खबरें आईं। मालूम पड़ा कि चीन के छात्रों को तो दो दिन में, पाकिस्तान के छात्रों को एक दिन में और श्रीलंका के छात्रों को चार दिन में ही वीजा मिल जा रहा है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक ही है कि भारत जैसा देश जो अमेरिका का करीबी है और कारोबारी रिश्तों से लेकर शिक्षा, रक्षा, आइटी जैसे तमाम क्षेत्रों में उसका सहयोगी है, तो फिर भारतीय छात्रों के साथ ऐसा भेदभाव क्यों। अब अमेरिकी विदेश विभाग ने वीजा संबंधी नियम प्रक्रिया आसान बनाने की बात कही है। चूंकि वीजा के लिए भी कई तरह की श्रेणियां होती हैं, इसलिए सबका ध्यान रखा जाना होगा। अभी राहत की बात इतनी है कि शैक्षणिक वीजा सहित कई तरह के वीजा के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। फिलहाल जोर अस्थायी रोजगार के लिए अमेरिका जाने वालों को लेकर है। इसके अलावा एच-1बी वीजा वालों की संख्या भी काफी है। अभी चीन और मैक्सिको के लोगों को सबसे ज्यादा वीजा मिल रहा है। जो अमेरिका भारत से रिश्तों को लेकर तरह तरह के दावे करता रहता है, अगर वह भारतीय नागरिकों के प्रति इस तरह का भेदभाव करेगा तो जाहिर है, भारत को यह खलेगा।



भारतीय नागरिकों को अमेरिका जाने के लिए वीजा हासिल करने में लगने वाली देरी से अब मुक्ति मिल जाएगी। अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों ने वीजा प्रक्रिया के काम में लगने वाली देरी को खत्म करने के लिए कई तरह के कदम उठाने का जो फैसला किया है, वह निश्चित ही राहत भरा है।

कुछ अलग

भारत में मंदी के आसार नहीं, ऐसे अनुमानों को सच होने में समय लगेगा

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने हाल ही में कहा कि विश्व की अर्थव्यवस्था मंदी की ओर बढ़ रही है और वित्त वर्ष 2021 में वैश्विक वृद्धि दर छह प्रतिशत रहने के बाद चालू वित्त वर्ष में वैश्विक वृद्धि दर घटकर 3.2 प्रतिशत रह सकती है और वित्त वर्ष 2023 में इसमें 2.7 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अनुमान को भी घटाकर 6।8 प्रतिशत कर दिया है। फिर भी, यह चीन के वृद्धि दर अनुमान से बेहतर है। बावजूद इसके, कयास लगाए जा रहे हैं कि भारत भी मंदी की गिरफ्त में आने वाला है। जब किसी देश की वृद्धि दर सुस्त पड़ने लगती है, बेरोजगारी दर में इजाफा होता है और महंगाई दर ऊंची रहती है, तो उसके मंदी की गिरफ्त में आने की आशंका रहती है। किसी देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अगर दो तिमाहियों में लगातार गिरावट दर्ज होती है, तो भी वह देश मंदी की गिरफ्त में आ जाता है। भारत में जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 13.5 प्रतिशत रही और पिछले वित्त वर्ष के जनवरी से मार्च, 2022 के दौरान 4.1 प्रतिशत। वहीं, वित्त वर्ष 2021-22 की दिसंबर तिमाही के दौरान यह 5.4 प्रतिशत रही, जबकि वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान जीडीपी वृद्धि दर 8.7 प्रतिशत रही। बेरोजगारी के मोर्चे पर भी भारत का प्रदर्शन बेहतर हो रहा है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान सभी उम्र वर्ग में शहरी बेरोजगारी की दर 7.6 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में 9.22 प्रतिशत, मई में 8.21 प्रतिशत और जून में 7.3 प्रतिशत रही। इस तरह, शहरी बेरोजगारी दर में लगातार तीसरे महीने गिरावट दर्ज की गई। शहरी क्षेत्र के अलावा भारत के ग्रामीण क्षेत्र में भी बेरोजगारी दर में कमी आई है। सीएमआईई के ताजा आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर अगस्त महीने में 7.68 प्रतिशत थी, जो सितंबर महीने में घटकर 5.84 प्रतिशत रह गई। महंगाई के मामले में स्थिति जरूर थोड़ी चिंताजनक है। उपभोक्ता मूल्य पर आधारित महंगाई दर (सीपीआई) सितंबर महीने में बढ़कर पांच महीने के उच्च स्तर 7.41 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह लगातार नौवां महीना है, जब खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक द्वारा तय ऊपरी सीमा 6.00 प्रतिशत से ऊपर चल रही है। हालांकि रिजर्व बैंक द्वारा उठाए गए समीचीन कदमों की वजह से भारत में महंगाई बेकाबू नहीं हुई। रुपये में आ रही गिरावट से भारतीय अर्थव्यवस्था पर जरूर कुछ दबाव बढ़ा है, लेकिन अमेरिकी डॉलर मजबूत होने से रुपये के अलावा यूरो, येन और पाउंड जैसी मुद्राएं भी कमजोर हो रही हैं। रुपया कई अन्य मुद्राओं की तुलना में कम गिरा है। सितंबर में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 26 प्रतिशत बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि अक्तूबर महीने में यह 1.50 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया। यह लगातार आठवां महीना है, जब जीएसटी संग्रह 1.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। कॉरपोरेट और व्यक्तिगत आयकर संग्रह चालू वित्त वर्ष में एक अप्रैल से आठ अक्तूबर तक लगभग 24 प्रतिशत बढ़ा है। रिजर्व बैंक द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, नौ सितंबर को समाप्त पखवाड़े में कर्ज की वृद्धि दर 16.2 प्रतिशत रही, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 6.7 प्रतिशत रही थी। यह दर्शाता है कि भारत में विकास की गति तेज हो रही है। दुनिया के विकसित देश बेशक मंदी के कगार पर हैं, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था अब भी मजबूत बनी हुई है। मंदी के प्रमुख कारकों, चाहे वह जीडीपी हो, बेरोजगारी दर हो या फिर महंगाई दर, सभी मामलों में भारत दुनिया के विकसित देशों से बेहतर स्थिति में है। साथ ही, अर्थव्यवस्था के दूसरे जरूरी पैमानों पर भी भारत उम्दा प्रदर्शन कर रहा है। इसलिए, यह कहना सही नहीं होगा कि भारतीय अर्थव्यवस्था मंदी की गिरफ्त में आने वाली है।

दुनिया के विकसित देश बेशक मंदी के कगार पर हैं, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था अब भी मजबूत बनी हुई है। मंदी के प्रमुख कारकों, चाहे वह जीडीपी हो, बेरोजगारी दर हो या फिर महंगाई दर, सभी मामलों में भारत दुनिया के विकसित देशों से बेहतर स्थिति में है। दुनिया के विकसित देश बेशक मंदी के कगार पर हैं, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था अब भी मजबूत बनी हुई है।

चीन से भारत में आयात बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं और भारत से चीन को निर्यात उस गति से नहीं बढ़ पा रहे

आत्म निर्भरता एवं स्वदेशी अपनाकर चीन को आर्थिक क्षेत्र में दी जा सकती है मात

TRADERS
RETAILERS

भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 में वस्तुओं के आयात के मामले में एक बार पुनः भारत की निर्भरता चीन पर बढ़ी है। हालांकि पिछले 3 साल के दौरान भारत के चीन से आयात लगातार कम हो रहे थे परंतु वित्तीय वर्ष 2021-22 में चीन एवं भारत के बीच 11,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ है जो वित्तीय वर्ष 2020-21 में 8,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर की तुलना में कहीं अधिक है। दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़े यह अच्छी बात हो सकती है परंतु चिंता का विषय यह है कि चीन से भारत में आयात बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं और भारत से चीन को निर्यात उस गति से नहीं बढ़ पा रहे है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत में चीन से आयात 9,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है जो वित्तीय वर्ष 2020-21 में 6,530 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा था। वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम दो माह में भी स्थिति संभलने के स्थान और अधिक बिगड़ी ही है, अर्थात इस दौरान चीन को भारत से निर्यात 31 प्रतिशत से घटा है और भारत में चीन से आयात 12.75 प्रतिशत बढ़ गया है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत के कुल व्यापारिक आयात में चीन की हिस्सेदारी बढ़कर 16.5 प्रतिशत तक पहुंच गई है। कोरोना महामारी के बाद भारत में चूंकि आर्थिक विकास बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहा है अतः कई वस्तुओं का आयात चीन से बहुत भारी मात्रा में किया जा रहा है। परंतु चीन अभी भी कोरोना महामारी से जूझ रहा है और चीन के कुछ प्रांतों में अभी भी लाक्डाउन लगाया जा रहा है अतः चीन में आर्थिक गतिविधियों में कमी आई है जिसके चलते भारत से चीन को निर्यात कम होता जा रहा है। कुछ समय पूर्व की गई एक रिसर्च के अनुसार, भारत चीन से कुल 6,367 उत्पादों का आयात कर रहा था। जिनका मूल्य 6,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर (कुल आयात का 15.3 प्रतिशत भाग) था। कई मदों में तो भारत कुल आयात का एक बड़ा भाग चीन से आयात कर रहा था। 893 उत्पादों का तो 90 प्रतिशत से 100 प्रतिशत भाग (759 करोड़ अमेरिकी डॉलर) चीन से आयात किया जा रहा था। इसी प्रकार 364 उत्पादों का 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत भाग (549 करोड़ अमेरिकी डॉलर), 386 उत्पादों का 70 प्रतिशत से 80 प्रतिशत भाग (909 करोड़ अमेरिकी डॉलर), 428 उत्पादों का 60 प्रतिशत से 70 प्रतिशत भाग (656 करोड़ अमेरिकी डॉलर), 476 उत्पादों का 50 प्रतिशत से 60 प्रतिशत भाग (972 करोड़ अमेरिकी डॉलर), 461 उत्पादों का 40 प्रतिशत से 50 प्रतिशत भाग (914 करोड़ अमेरिकी डॉलर), 550 उत्पादों का 30 प्रतिशत से 40 प्रतिशत भाग (890 करोड़ अमेरिकी डॉलर) एवं 706 उत्पादों का 20 प्रतिशत से 30 प्रतिशत भाग (524 करोड़ अमेरिकी डॉलर) चीन से आयात किया जा रहा था। इन आंकड़ों से यह स्पष्ट रूप से झलकता है कि इन उत्पादों के आयात के मामले में भारत की चीन पर जरूरत से अधिक निर्भरता हो गई है। उक्त परिस्थितियां निर्मित करने में दरअसल देश की जनता ही अधिक जवाबदार है, क्योंकि देश के नागरिक विदेशी उत्पादों के पीछे दीवानगी की हद तक भागते हैं। और फिर, चीन के निम्न स्तरीय उत्पाद तो बहुत सस्ते दामों पर ही उपलब्ध हो जाते हैं। देश के व्यापारी बंधुओं ने भी इन उत्पादों का चीन से भारी मात्रा में आयात कर देश की जनता को उपलब्ध कराने में अपनी अहम भूमिका अदा की। इससे इन उत्पादों का भारत में निर्माण बंद हो गया। जिसके परिणामस्वरूप देश में रोजगार के कई अवसर नष्ट हो गए एवं कई कुटीर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग बंद हो गए। हालांकि पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत के कई सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों जिनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं स्वदेशी जागरण मंच भी शामिल है ने चीन में निर्मित वस्तुओं के स्थान पर भारत में निर्मित वस्तुओं के उपयोग करने की मुहिम चलाई थी, जिसका अच्छा परिणाम भी दिखाई देने लगा था और इसके चलते वित्तीय वर्ष 2017-18 के बाद से चीन से आयात लगातार कम हो रहे थे। जिसके परिणाम स्वरूप भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा जो वित्तीय वर्ष 2017-18 में 6,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था वह वित्तीय वर्ष 2018-19 में घटकर 5,356 करोड़ अमेरिकी डॉलर का, वित्तीय वर्ष 2019-20 में घटकर 4,866 करोड़ अमेरिकी डॉलर का और वित्तीय वर्ष 2020-21 में और भी घटकर 4,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया था। परंतु, वित्तीय वर्ष 2021-22 में पुनः बढ़कर 7,290 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है। अब यह तथ्य किसी से छुपा नहीं है कि भारत द्वारा चीन से आयात बढ़ने से चीन की आर्थिक सुदृढ़ता मजबूत हो रही है और वह भारत के बॉर्डर पर भारत को ही आंख दिखा रहा है। अतः भारत को इस सम्बंध में अब पुनः विचार करने की आवश्यकता है कि किस प्रकार चीन से आयात की जाने वाली वस्तुओं का उत्पादन भारत में ही बढ़ाया जाय एवं चीन से इन वस्तुओं के आयात कम किए जा सकें। भारत में निर्यात प्रतिस्पर्धी उद्योग स्थापित किए जाने की आज महती आवश्यकता है। हालांकि हाल ही के समय में केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना इस सम्बंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है। कुल मिलाकर इस सम्बंध में अब देश में गम्भीर प्रयास किए जाने की महती आवश्यकता है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा हाल ही में जारी किए गए एक प्रतिवेदन के अनुसार भारत में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना को लागू कर चीन से आयात को यदि 50 प्रतिशत से कम किया जा सके तो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 2,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वृद्धि की जा सकती है। आज आवश्यकता इस बात की भी है कि भारतीय नागरिक भी अपनी सोच में गुणात्मक परिवर्तन लाएं एवं चीन के निम्न गुणवत्ता वाले सामान को केवल इसलिए नहीं खरीदें क्योंकि यह सस्ता है। इस प्रकार की सोच में आमूलचूल परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। भारत में निर्मित सामान, चाहे वह थोड़ा महंगा ही क्यों न हो, को ही उपयोग में लाया जाना चाहिए। ताकि भारत की अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ाया जा सके एवं रोजगार के अधिक से अधिक अवसर भारत में ही उत्पन्न होने लगें।

वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत में चीन से आयात 9,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है जो वित्तीय वर्ष 2020-21 में 6,530 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा था। वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम दो माह में भी स्थिति संभलने के स्थान और अधिक बिगड़ी ही है, अर्थात इस दौरान चीन को भारत से निर्यात 31 प्रतिशत से घटा है और भारत में चीन से आयात 12 .75 प्रतिशत बढ़ गया है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत के कुल व्यापारिक आयात में चीन की हिस्सेदारी बढ़कर 16 .5 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

पक्षियों की अनोखी दुनिया: पांग, प्रवासी पक्षियों का घर



भारत और पक्षियों का हमेशा ही एक अनूठा संबंध रहा है। हर ऋतु में तरह-तरह के पंछी विभिन्न इलाकों में देखने को मिलते हैं। भारतीय पक्षियों की सूची में प्रवासी पक्षी बड़ी संख्या में शामिल हैं। शीत ऋतु आरंभ होते ही हर साल लाखों की तादात में प्रवासी पक्षी दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से उड़ कर भारत आते हैं। ठंडे खून वाले पंछी होने की वजह से और सर्दियों में खाने की कमी होते ही यह पक्षी अपने प्रजनन भूमि को छोड़ कर हमारे देश के अलग-अलग राज्यों में स्थित झील, नदी, नहर इत्यादि के पास पनाह ले लेते हैं, वसंत ऋतु के दौरान वापस अपने घर की और चल पड़ते हैं। लगभग 400 से भी अधिक प्रवासी प्रजातियां भारत में सर्दियों में दिखाई दे चुकीं हैं। इनमें से बड़ी संख्या हिमाचल प्रदेश में स्थित पांग बांध या महाराणा प्रताप सागर को अपना घर बना लेती हैं। पांग, हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित है, यह बांध वर्षों से ही वन्यजीव जगत में लोकप्रिय रहा है। ब्यास नदी पर बना यह बांध एक बहुत बड़े जलाशय का आकार लेता है। यह जलाशय इतना बड़ा है कि कई बार एक छोर से दूसरा छोर दिखाई भी नहीं देता। यह जलाशय और आस-पास के क्षेत्र मिल कर पांग वन्य जीव अभ्यारण्य का निर्माण करते हैं। पांग न केवल निवासी पशु-पक्षियों को जीवन प्रदान करता है, बल्कि हर साल लाखों प्रवासी पक्षियों को भी शरण देता है। प्रतिवर्ष यहां 100 से भी अधिक प्रवासी पक्षियों की प्रजातियां आती हैं। इनमें से कुछ प्रजातियां यहां विश्राम करने के बाद फिर आगे रवाना हो जाती हैं और बाकी यहीं पर शीत ऋतु बिताते हैं। प्रवासी पक्षियों में मुख्य रूप से 3 प्रकार के पक्षी पांग में आते हैं। पानी के पक्षी जैसे की यूरेशियन कूट या दसारी, ग्रेलैग गूज़ या काज, उत्तरी सींखपर, छोटी मुर्गाबी, तिदारी इत्यादि एक बड़ी संख्या में दिखाई दे सकते हैं। प्रवास करने वाले सभी पक्षियों में सबसे ऊंचा उड़ने वाले पक्षी का स्थान लेने वाले बार-हेडेड गीज़ या बिर्वा, प्रवासी पक्षियों में सबसे अधिक तादात में आते हैं। 2022 में इनकी संख्या 47598 पाई गई हैं। इनके अलावा वेडर्ज़ यानी तटपक्षी भी यहां भरी मात्रा में हर वर्ष आते हैं। कई प्रकार के प्लोवर, स्टिंट, गोडविट, स्नाइप, टिटहरी इत्यादि भी यहां पर दिखाई दे सकते हैं। छोटे पक्षियों में भी विभिन्न प्रजातियां यहां आ कर शीत ऋतु का आनंद लेती हैं। पिपेट और लार्क, भूरे रंग के ये पक्षी अपने छोटे आकार और रंग की वजह से आसानी से छलावरण हो जाते हैं, जिसकी वजह से उनकी आवाज तो दूर से भी सुनाई देती है मगर देखना कभी-कभी काफी मुश्किल हो जाता है। इनके अलावा व्हीटियर भी जमीन के पास और रेड्स्टार्ट अक्सर पेड़ों व झाड़ियों में दिख जाते हैं। कई दुर्लभ प्रजातियां जैसे ग्रेटर-व्हाइट फ्रंटेड गूज, उत्तरी लैपविंग, यूरेशियन ओएस्टरकैचर, ग्रेटर वाइटथ्रोट, गिद्ध, छुटकन्ना उल्लू इत्यादि भी यहां अपना नाम अंकित करवा चुकी हैं। 2022 में की गई गणना के अनुसार, 1,10,309 प्रवासी पक्षी इस साल में दर्ज किए गए हैं। पिछले कुछ सालों से ना केवल प्रवासी पक्षियों की संख्या में बढ़ोतरी पाई गई है, बल्कि कई नई प्रजातियां हर साल इस सूची में शामिल हो रही हैं। इनकी खुराक भी इनके अलग-अलग रहने के तरीकों की वजह से अलग अलग होती है, मगर पांग हर एक पक्षी का ख्याल रखना जनता है। जहां पानी वाले पंछियों के लिए ताज़े पानी की मछलियां जैसे मशीर, कतला और सिंघारा, पानी के पौधे मुख्य ख़ुराक बन जाती हैं तो वहीं छोटे पंछी अन्य छोटे कीड़े-मकोड़े और जानवर खाते हैं। कई बड़े पक्षी छोटे पंछियों को भी खा कर अपना पेट भरते हैं। ताजे पानी का स्रोत होने की वजह से पांग के आस-पास के इलाके खेती के लिए भी अनुकूल हैं और अक्सर कई तरह के पक्षी इन खेतों में वनस्पति का आनंद लेते हुए दिख जाते हैं। अक्तूबर आते ही प्रवासी पक्षियों का आगमन भी हो जाता है और नवंबर तक सभी मुख्य प्रजातियां यहां पहुंच जाती हैं। मगर सर्दियों में होने वाले कोहरे की वजह से ये पंछी कम दिखाई देते हैं। जनवरी और फरवरी के महीने इनको देखने के लिए सबसे उपयुक्त हैं क्योंकि इस समय इन पंछियों की संख्या सबसे अधिक होती है। फरवरी के समाप्त होने के साथ साथ ये पंछी भी वापस रवाना होना शुरू कर देते हैं और मार्च तक काफी प्रजातियां अपने घर की और प्रस्थान कर लेती हैं। मगर कभी कभी कुछ-एक पक्षी काफी देर तक भी यहां देखने को मिल जाते हैं। इस सबकी जानकारी, वन्यजीवन की गणना, निगरानी व सुरक्षा के लिए वन-विभाग द्वारा कई प्रबंध किए गए हैं। वन-रक्षक या फारेस्ट गॉर्ड यहां हर वक़्त तैनात रहते हैं जिससे हानिकारक तत्वों से होने वाले नुक्सान जैसे अवैध शिकार, खतरनाक कीटनाशक का इस्तेमाल, कूड़ा-करकट इत्यादि को रोका जा सके। इसके अलावा एक और अहम कार्य 'टैगिंग या बर्ड-टैगिंग' भी वन-विभाग द्वारा किया जाता है। पांग में टैग किए जा चुके पंछी कई बार वापिस अगले वर्षों में फिर से दिखाई दिए हैं। इनके अलावा अन्य जगह पर टैग किए जा चुके पंछी भी यहां दिखाई देते रहते हैं। पांग प्रवासी पक्षियों के लिए हमेशा ही प्रसिद्ध रहा है। इसकी भौगोलिक स्थिति, ब्यास के ताजे पानी और बेइन्तेहां खाने के स्रोत इसे सभी पशु-पक्षियों के रहने के लिए अनुकूल बनता है। पंछी-प्रेमी, नेचर-लवर्स और सार्वजनिक पर्यटक भी यहां इसकी खूबसूरती को देखने के लिए हर साल आते हैं। पश्चिम में शाम के वक्त डूबते हुए सूरज का नज़ारा और पीछे हर वक़्त अपने विशाल रूप में अटल खड़े हुए धौलाधार नामक हिमालय की श्रृंखला यहां की ख़ूबसूरती को और भी बढ़ा देते हैं। आप भी अगली बार अगर हिमाचल जाए तो इस जगह पर घूमना न भूलें।

प्रवासी पक्षियों में मुख्य रूप से 3 प्रकार के पक्षी पांग में आते हैं। पानी के पक्षी जैसे की यूरेशियन कूट या दसारी, ग्रेलैग गूज़ या काज, उत्तरी सींखपर, छोटी मुर्गाबी, तिदारी इत्यादि एक बड़ी संख्या में दिखाई दे सकते हैं।प्रवास करने वाले सभी पक्षियों में सबसे ऊंचा उड़ने वाले पक्षी का स्थान ल `ने वाले बार-हेडेड गीज़ या बिर्वा, प्रवासी पक्षियों में सबसे अधिक तादात में आते हैं।2022 में इनकी संख्या 47598 पाई गई हैं। इनके अलावा वेडर्ज़ यानी तटपक्षी भी यहां भरी मात्रा में हर वर्ष आते हैं।कई प्रकार के प्लोवर, स्टिंट, गोडविट, स्नाइप, टिटहरी इत्यादि भी यहां पर दिखाई दे सकते हैं।

नागरिक बोध

गुजरात चुनाव के पूर्व बागियों ने बढ़ाई बेचैनी

गुजरात विधानसभा के चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रहे है। कांग्रेस, भाजपा और आम आदमी खेमो में बेचैनी बढ़ती जा रही है। बागी उमीदवारों और भितरघात की आशंकाओं के चलते दोनों रास्ट्रीय दलों और आम आदमी पार्टी की नींद हराम है। अपनी जीत के बड़े बड़े दांवे करते हुए भी वे अंदर से डरे हुए है। आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल ,कांग्रेस और भाजपा के टिकट बंटवारे में प्रत्यशियों का विरोध झेलने की नोबत आई है। पार्टी की कोशिश है कि कार्यकर्ताओ की नाराजगी से होने वाले नुकसान को न्यूनतम किया जाए। तीनो दल भरपाई के रास्ते तलाश रहे है। गुजरात मे निष्ठावान कार्यकर्ताओ की उपेक्षा कर दलबदलुओं को टिकट देने के दुष्परिणाम भाजपा कांग्रेस दोनों झेल रहे है।क्योकि आमआदमी पार्टी पहली बार चुनाव लड़ रही है। जिसके कारण कोई गीले शिकवे नही है। अब टिकट नही मिलने और बगावत के सुर तेज होने से दोनों पार्टियों को नुकसान हो सकता है। बागियों को पार्टियो से निष्कासित भी किया जा रहा है। भाजपा से निकल कर कांग्रेस और कांग्रेस से निकल कर भाजपा के खेस पहनकर जिंदाबाद के नारे लगा रहे है। भाजपा कांग्रेस की बेचैनी की यही वजह है। गुजरात मे 1 और 5 दिसम्बर को चुनाव होने है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल आगामी दिनों में स्टार प्रचारको के जरिये जनता को लुभाने में लग जाएंगे। भाजपा बहुत उत्साहित है। दक्षिण गुजरात भाजपा का गढ़ माना जाता है। मोदी के गुजरात दौरे की जनसभा मे उमड़ा जनसैलाब और लंबे समय तक चले भाषण से यह कयास लगाए जा रहे है कि आज भी मोदी मैजिक बरकरार है। मोदी चिरपरिचित अंदाज में प्रश्न पूछते रहते है। श्रोता उनका जवाब देते है।मोदी और अटल बिहारी वाजपेयी के सपनो का राज्य बनाने के लिए कटिबद्ध है। राज्य सरकार के द्वारा विकास हो ही रहा है। वही राज्य में समर्पित टीम देंगे और उसके कार्य की देखभाल भी करेंगे। अमित शाह गत दिन भाजपा प्रत्याशियों के विरोध को शांत करने गुजरात गए थे। उधर गांधीनगर में बगावत के सुर सुनाई दिए है। भाजपा ने प्रत्याशी बदला और घमासान छिड़ गया। छह बार विधायक रहे मधु श्रीवास्तव ने भाजपा को अलविदा कह दिया। उनका जी मचल रहा है।एक बार उनको फिर से भाजपा की टिकट पर विधायक बनना था। उधर मुस्लिम वोटों को लेकर एआईएमआईएम के असरुदीन ओवैसी सेंघ लगा सकते है। आप सीएम प्रत्याशी इशू दान गढवी खम्भालीया से चुनाव लड़ेंगे। सोमवार नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन था। आधी से ज्यादा सीटो पर भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों के नामांकन बाकि था। अनामत आंदोलन के पूर्व कन्वीनर सहित 40 कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए है। कई नेता किस्मत आजमा रहे है। गुजरात मे पूरे देश की नजर है। गुजरात के चुनाव सही मायनों में खास इसलिए है कि वहां प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह का गृह राज्य है। हिंदी भाषी मतदाताओं की भरमार है। गुजरात तीन हिस्सों में बंटा हुआ है। जिसमे दक्षिण गुजरात, मध्य गुजरात और उत्तर गुजरात।इस बार तीन पार्टियां की आपस मे टक्कर है। भाजपा मोदी मन्त्र का जाप कर आश्वस्थ है।

-कांतिलाल मांडोत

देश दुनिया से

मेक इन इंडिया की राह पर आगे बढ़ते भारत और मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने के मायने

इस समय भारत मेक इन इंडिया ही नहीं, वरन मेक फॉर द ग्लोबल के मंत्र के साथ मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने की जिस राह पर आगे बढ़ रहा है, उसकी चमक वैश्विक व्यापार के 75 फीसदी से अधिक हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाले जी-20 की बैठक में नजर आ सकती है, अगले साल जिसकी अध्यक्षता भारत करेगा। जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत के कोने-कोने में जी-20 के करीब 200 विभिन्न कार्य समूह की बैठकों के दौरान दुनिया नए सामर्थ्यवान भारत और उभरते हुए मैन्यूफैक्चरिंग हब को नजदीक से देख पाएगी। निस्संदेह भारत के मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने की अनुकूलताएं एक के बाद एक उभरकर दिखाई दे रही हैं। हाल ही में तीन नवंबर को प्रकाशित 85 देशों के मैन्यूफैक्चरिंग से संबंधित विभिन्न कारकों का समग्र मूल्यांकन करने वाली विश्व प्रसिद्ध यूएस न्यूज ऐंड वर्ल्ड रिपोर्ट'-2022 के तहत सस्ते विनिर्माण के मद्देनजर भारत को 100 प्रतिशत अंक दिए गए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने चीन और वियतनाम को पीछे छोड़ते हुए दुनिया भर में सबसे कम 'विनिर्माण लागत' वाले देश का दर्जा हासिल कर लिया है। हालांकि इस रिपोर्ट में 'अनुकूल कर वातावरण' और 'पारदर्शी सरकारी नीतियां' जैसी श्रेणियों में भारत का प्रदर्शन अब भी सुधार योग्य कहा गया है। भारत के मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने के परिप्रेक्ष्य में अधिक विनिर्माण लागत सबसे बड़ी चुनौती रही है, ऐसे में जहां अन्य प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में मैन्यूफैक्चरिंग लागत में कमी भारत के लिए सुकूनदेह है, वहीं देश में तेजी से आर्थिक सुधारों ने भी उसकी संभावनाओं को आगे बढ़ाया है। विगत तीन नवंबर को वडोदरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निजी क्षेत्र में देश के सबसे पहले सी-295 परिवहन विमान निर्माण संयंत्र का शिलान्यास करते हुए कहा कि पिछले आठ वर्षों में सरकार ने जिस तरह कई आर्थिक सुधारों को अपनाया है और कई प्रोत्साहन दिए हैं, उससे भी भारत मैन्यूफैक्चरिंग के एक बेहतर हब के रूप में उभरते हुए दिखाई दे रहा है। मोदी के अनुसार, इस समय भारत का उद्योग-कारोबार सेक्टर करीब 160 से अधिक देशों की कंपनियों के निवेश से सुसज्जित है। भारत में विदेशी निवेश कुछ उद्योगों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अर्थव्यवस्था के 61 क्षेत्रों में फैले हुए हैं और भारत के 31 राज्यों को कवर करते हैं। उल्लेखनीय है कि इस समय दुनिया भर में मेक इन इंडिया की मांग बढ़ रही है। आत्मनिर्भर भारत अभियान में मैन्यूफैक्चरिंग के तहत 24 सेक्टर को प्राथमिकता के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। चीन से आयात किए जाने वाले दवाई, रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पिछले दो वर्ष में सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत 14 उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपये आवंटन के साथ प्रोत्साहन सुनिश्चित किए हैं। अब देश के कुछ उत्पादक चीन के कच्चे माल का विकल्प बनाने में सफल भी हुए हैं। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, पीएलआई स्कीम की सफलता के कारण ही वर्ष 2022-23 में अप्रैल-अगस्त के दौरान फार्मा उत्पादों के आयात में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 40 फीसदी की कमी आई है और निर्यात में पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले करीब 3.47 फीसदी की वृद्धि हुई है। निश्चित रूप से जिस तरह भारत की नई लॉजिस्टिक नीति 2022 और गति शक्ति योजना का आगाज अभूतपूर्व रणनीतियों के साथ हुआ है, उससे भी भारत आर्थिक प्रतिस्पर्धी देश के रूप में तेजी से आगे बढ़ेगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हाल ही में एक नवंबर को डिजिटल रुपये की शुरुआत और नौ नवंबर को विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा निर्यातकों को निर्यात लाभों का दावा रुपये में करने में सक्षम बनाए जाने संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय से भी देश को मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाए जाने में मदद मिलेगी।

जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत के कोने-कोने में जी-20 के करीब 200 विभिन्न कार्य समूह की बैठकों के दौरान दुनिया नए सामर्थ्यवान भारत और उभरते हुए मैन्यूफैक्चरिंग हब को नजदीक से देख पाएगी। निस्संदेह भारत के मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने की अनुकूलताएं एक के बाद एक उभरकर दिखाई दे रही हैं। हाल ही में तीन नवंबर को प्रकाशित 85 देशों के मैन्यूफैक्चरिंग से संबंधित विभिन्न कारकों का समग्र मूल्यांकन करने वाली विश्व प्रसिद्ध यूएस न्यूज ऐंड वर्ल्ड रिपोर्ट'-2022 के तहत सस्ते विनिर्माण के मद्देनजर भारत को 100 प्रतिशत अंक दिए गए हैं।

आर एन आई (टी सी) नं- JHAHIN01027,स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक डॉ सिकन्दर कुमार द्वारा माँ भवानी आर्ट भागलपुर रोड नीयर सिनेमा हॉल दुधानी दुमका से मुद्रित एवं झारखण्ड देखो कार्यालय मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से प्रकाशित,
प्रधान संपादक डॉ सिकन्दर कुमार, मोबाइल नं-9955599136(इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)

नौकरी, धन, कारोबार की समस्या से हैं परेशान

तो बुधवार को जरूर करें ये चमत्कारी उपाय

बुधवार का दिन भगवान श्री गणेश को समर्पित माना जाता है। भगवान श्री गणेश को प्रथम पूज्य देव माना गया है। कहा जाता है कि भगवान गणेश का नाम लेकर शुरू किया गया कोई भी कार्य कभी असफल नहीं होता है। बुधवार के दिन विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजा करने से जीवन में खुशियां आती हैं। ये दिन बिगड़े कामों को बनाने के लिए उत्तम होता है। मान्यता है कि जहां विघ्न विनाशक श्री गणेश का वास होता है, वहां रिद्धि-सिद्धि, शुभ-लाभ और माता लक्ष्मी भी विराजती हैं। इनकी कृपा से सब मंगल ही मंगल होता है। गणेश जी की पूजा से बुद्धि कुशाग्र होती है। इसके अलावा बुधवार के दिन कुछ उपाय करने से विघ्नहर्ता गणेश की कृपा प्राप्त होती है।

गाय को हरी घास का चारा खिलाएं

घर की आर्थिक समस्या को दूर करने के लिए बुधवार के दिन गाय को हरी घास का चारा खिलाएं। साथ ही भगवान गणेश के मंदिर जाकर उन्हें दूर्वा अर्पित करें।

लड्डू दान करें

ज्योतिष के अनुसार, बुधवार को कांसे की थाली पर चंदन से मऊँ गं गणपतयै नम:फलिखें और उसमें पांच लड्डू रखकर किसी मंदिर में दान कर दें। मान्यता है कि ऐसा करने से कुंडली में धन प्राप्ति के योग बनते हैं।

बुध को मजबूत करने के उपाय

यदि आपका बुध कमजोर है तो आप हमेशा अपने पास हरे रंग का रुमाल रखें। साथ ही बुधवार के दिन किसी जरूरतमंद को हरी मूंग की दाल दान या हरे वस्त्रों का दान करें। इसके अलावा इस दिन हरे रंग के कपड़े पहनना शुभ होता है।

सिंदूर का तिलक

बुधवार के दिन पूजा करते समय भगवान गणेश के माथे पर सिंदूर का तिलक लगाएं। इसके बाद अपने माथे पर भी लगाएं। इससे कार्यों में सफलता मिलेगी।

माँ ज्वाला जी मंदिर

स्थान : ज्वाला जी मंदिर रोड, ज्वालामुखी, हिमाचल प्रदेश 176031

शीतकालीन समय खुला : सुबह 7.00 बजे से 11.00 बजे तक और दोपहर 12:30 से 09:30 बजे तक,

शीतकालीन समय बंद : सुबह 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक,

समर टाइमिंग ओपन : सुबह 06:00 बजे से 11:30 बजे तक और दोपहर 12:30 से रात 10:00 बजे तक,

गर्मी का समय बंद : सुबह 11:30 से दोपहर 12:30 बजे तक

माँ ज्वाला जी मंदिर भारत का प्राचीन मंदिर है जो कि ज्वालामुखी शहर, कांगड़ा जिले, हिमाचल प्रदेश तथा हिमालय के निचले क्षेत्र में स्थित है। ज्वाला जी का मंदिर ज्वालामुखी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। ज्वाला जी मंदिर ज्वाला माँ को समर्पित है। ज्वाला जी मंदिर धर्मशाला से 55 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। ज्वाला जी मंदिर 51 सिद्व पीठों में से एक है। ज्वाला जी मंदिर में अलग-अगल स्थान व चटानों पर 9 ज्योति प्रज्वलित रहती है जो कि बिना किसी ईधन के हमेशा प्रज्वलित रहती है, इसलिए यह मंदिर पूरी दुनिया में माँ ज्वाला जी के नाम से प्रसिद्ध है। इन ज्योति के दर्शनों के लिए भक्त पूर भारत से आते है। नव रात्रि के त्यौहार के दौरान बड़ी संख्या में लोग दर्शनों के लिए मंदिर में आते है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, देवी सती ने उनके पिता दक्षेस्वर द्वारा किये यज्ञ कुण्ड में अपने प्राण त्याग दिये थे, तब भगवान शंकर देवी सती के मृत शरीर को लेकर पूरे ब्रह्माण चक्कर लगा रहे थे इसी दौरान भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से सती के शरीर को 51 भागों में विभाजित कर दिया था, जिसमें से सती की जीभ इस स्थान गिर गई थी ये सभी ज्योतियां उसी का प्रतिनिधित्व कर रही है।

ऐसा माना जाता है , कि सतयुग में सम्राट भूमिचन्द्र ने ऐसा अनुमान लगाया कि भगवती सती की जीभ कटकर हिमालय के धोइलिधर पर्वतो पर गिरी थी । काफी प्रयत्न के बाद भी वो उस स्थान को नहीं ढुंढ़ सके। इसके बाद उन्होंने नगरकोट - कागड़ा में एक भगवान सती के नाम से एक मंदिर बनवाया। कुछ वर्षो बाद कुछ लोगो ने महाराजा भुमिचंद्र को सुचना दी की उसके एक पर्वत पर ज्वाला निकलते हुए देखी है। सुचना पाकर महाराज वहा पहुचे और उसकी पूजा की। साथ ही साथ उस स्थान पर एक मंदिर का निर्माण कराया। और मंदिर में पूजा के लिये दो पवित्र साधुओ को बुलाया गया और उन्हें पूजा का अधिकार दिया गया। इनके नाम पंडित श्री धर तथा पंडित कमलापति थे। ऐसा माना जाता है की उन्ही के वंशज आज भी मंदिर में पूजा कराते है। ऐसा कहा जाता है कि पांडव ने भी ज्वाला जी की यात्रा की थी और मंदिर का पुनः निर्माण कराया।

श्री ज्वाला जी देवी मंदिर में देवी के ज्योति के रूप नव रूप के दर्शन होते है। ये ज्योति कभी कम या कभी अधिक भी होती रहती है। ऐसा माना जाता है कि नवदुर्गा ही 14 भुवनो की रचना करने वाली है। जिनके सेवक-सत्व, रज और तम तीन गुण है। इसके अलावा मंदिर के दरवाजे के सामने चांदी के आले में जो ज्योति है, उसे महाकाली का रूप कहा जाता है। यह ब्रहम ज्योति है तथा मुक्ति व भुक्ति देने वाली है। शेष ज्योतियों के पवित्र नाम व दर्शन इस प्रकार है -

1) चांदी के जाला में सुशोभित मुख्य ज्योति का पवित्र नाम महाकाली है, जो मुक्ति-भुक्ति देने वाली है।

2) इसके पास में ही लोगो को भंडार देने वाली महामाया अन्नपूर्णा की ज्योति है ।

3) इसके दूसरी तरफ हमारे दुश्मनो का विनाश करने वाली चंडीफ माता की ज्योति है।

4) हमारे समस्त दुखो का नाश करने वाली ज्योति हिंगलाज भवानी की है।

5) पंचम ज्योति विध्वाशनी है जो शोक से छुटकारा देती है।

6) महालक्ष्मी की ज्योति, ज्योति कुण्ड में है जो लोगो को धन सम्पदा प्रदान करती है।

7) लोगो को ज्ञान देने वाली माँ सरस्वती भी कुण्ड में विराजमान है

8) माँ अम्बिका, जो लोगो को संतान का सुख देती है, उनका दर्शन भी यहाँ होता है।

9) माँ अंजना जो लोगो को आयु और सुख प्रदान करती है, वह भी इस कुण्ड में दर्शन दे रही है।

गोरख डिब्बी - यह बहुत पवित्र स्थान है यहाँ पर एक छोटे से कुण्ड में जल हमेशा खोलता रहता है, जो देखने में काफी गरम लगता है, पर माँ की कृपा से वह जल ठंडा होता है। इस स्थान की एक अनोखी बात यह भी है कि छोटे कुण्ड के उपर धुप की जलती ज्योति दिखाने पर जल के उपर एक बड़ी ज्योति प्रकट हो जाती है। इसे ङ्गरूद्र कुण्डफ भी कहा जाता है। यह स्थान ज्वाला जी मंदिर की परिक्रमा में कुछ उपर की ओर है। कहा जाता है कि यहाँ पर गुरु गोरखनाथ जी ने तपस्या की थी। वह अपने शिष्य सिद्व -नागार्जुन के पास डिब्बी धर कर खिचड़ी मांगने गए परन्तु खिचड़ी लेकर वापस नहीं आये और डिब्बी का जल गर्म नहीं हुआ।

शयन भवन- यह भगवती माँ के शयन का स्थान है जहा पर माता विश्राम करती है। भवन में प्रवेश करते ही भवन के बीचो- बीच संगमरमर का पलंग बना हुआ है, जिसके उपर चांदी लगी हुई है। रात 10 बजे शयन आरती के बाद भगवती के शयन के लिये कपड़े और श्रृगार का सामान और साथ में पानी का लोटा और दातुन आदि सामान रखा जाता है। शयन भवन में चारो ओर महादेवियो और महाकलियो, महालक्ष्मी और सरस्वती की मूर्तियाँ बनी है। इसके साथ ही श्री गुरु गोविन्द सिंह जी की दी हुए श्री गुरु ग्रन्थ साहिब की हस्तलिखित प्रतिलिपि भी शयन -भवन में सुरक्षित है।

श्री राधा कृष्णा मंदिर - गोरख डिब्बी के पास में ही राधा कृष्णा का एक छोटा सा मंदिर है। ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर को कटोच राजाओ ने बनवाया था।

लाल शिवालय - गोरख डिब्बी से कुछ उपर चढने पर शिव शक्ति और फिर लाल शिवालय के दर्शन होते है। शिव शक्ति में शिवलिंग के साथ ज्योति के दर्शन भी होते है। लाल शिवालय भी बहुत सुन्दर दर्शनीय मंदिर है। जिसकी शोभा देखने लायक है।

सिद्ध नागार्जुन - यह पवित्र स्थान लाल शिवालय से कुछ उपर पडता है। यहाँ पर एक काले रंग की मूर्ति है। इस मूर्ति को सिद्ध नागार्जुन कहते है। इसके बारे में एक कहानी प्रसिद है कि जब गुरु बाबा गोरखनाथ जी काफी देर हो जाने के बाद भी वापस नहीं आये तो उनके शिष्य नागार्जुन ने पहाड़ी पर चड़कर उन्हें देखने लगे की गुरु जी कही दिख तो नहीं रहे है। परन्तु यह स्थान नागार्जुन को इंतना पसंद आया की वह उस स्थान पर ही समाधि लगाकर बैठ गए।

अम्बिकेश्वर महादेव - सिद्ध नागार्जुन से कुछ दुरी पर ही पूर्व की ओर यह मंदिर है। इस स्थान को उन्मत भेरव भी कहते है । श्री शिव महापुराण की पीछे लिखी कथा के अनुसार जहा-तहा भी सती के अंग-प्रत्यंग गिरे, उस-उस स्थान पर शिव जी ने किसी न किसी रूप में निवास किया। यह मंदिर अम्बिकेश्वर महादेव के नाम से प्रसिद्ध है।

टेढ़ा मंदिर - अम्बिकेश्वर महादेव से कुछ ही दुरी पर एक मंदिर में सीताराम जी के दर्शन होते है। कहा जाता है कि एक भूचाल आने पर पूरा मंदिर टेढा हो गया था, परन्तु माँ की कृपा से यह मंदिर गिरा नहीं। आज भी यह मंदिर देखने में टेढा ही दिखता है इसलिये इस मंदिर को लोग टेढ़ा मंदिर के नाम से जानते है।

मार्ग परिचय- माँ ज्वाला जी का स्थान हिमाचल प्रदेश के कागड़ा जिले में स्थित है । यहाँ पर लोग पूरे भारत से आते है । यहाँ पर पंजाब राज्य में जिला होशियारपुर से गोरीपुर डेरा होते हुए बसे ज्वाला जी पहुचती है । यहाँ से माँ का स्थान लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर है । इसके अलावा पठानकोट से कागड़ा होते हुए भी यात्री ज्वाला माँ के मंदिर पहुच सकते है । बस से कागड़ा से ज्वाला माँ के मंदिर का रास्ता लगभग 2 घंटे का समय लगता है । यहाँ से नियमत अन्तराल पर बस आती रहती है।

काल भैरव पूजा से दूर होती हैं बीमारियां

आज मनाई जायेगी कालभैरव जयंती

हिंदू कैलेंडर के अनुसार अगहन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को काल भैरव पूजा करने का विधान है। इसे काल भैरवाष्टमी के रूप में मनाते हैं। काल भैरव को भगवान शिव का तीसरा रूद्र अवतार माना जाता है। पुराणों के मुताबिक मार्गशीष महीने के कृष्णपक्ष की अष्टमी के दिन ही भगवान काल भैरव प्रकट हुए थे। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर - जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने

बताया कि इस बार काल भैरव अष्टमी 16 नवंबर को है। इस कृष्णाष्टमी को मध्याह्न काल यानी दोपहर में भगवान शंकर से भैरव रूप की उत्पत्ति हुई थी। भगवान भैरव से काल भी डरता है। इसलिए उन्हें कालभैरव भी कहते हैं। ब्रह्मवैवर्त पुराण के मुताबिक कालभैरव श्रीकृष्ण के दाहिनी आंख से प्रकट हुए थे, जो आठ भैरवों में से एक थे। काल भैरव रोग, डर, संकट और दुख दूर करने वाले देवता हैं। इनकी पूजा से हर तरह की मानसिक और शारीरिक परेशानियां दूर हो जाती हैं। सभी पौराणिक देवी मंदिरों के साथ ही काल भैरव के मंदिर भी हैं। इस दिन काल भैरव का सिंदूर और चमेली के तेल से श्रृंगार करना चाहिए। हार-फूल चढ़ाएं, धूप-दीप जलाएं। भैरव महाराज को इमरती का भोग लगाएं।

शिवपुराण के अनुसार इस दिन भगवान शंकर के अंश से काल भैरव की उत्पत्ति हुई थी। अपने अंहाकर में चूर अंधकासुर दैत्य ने भगवान शिव के ऊपर हमला कर दिया था। उसके संहार के लिए भगवान शिव के खून से भैरव की उत्पत्ति हुई। काल भैरव शिव का ही स्वरूप हैं। इनकी आराधना करने से समस्त दुखों व परेशानियों से छुटकारा मिल जाता है।

पुराणों में बताए हैं 8 भैरव

स्कंद पुराण के अवंति खंड में लिखा है कि भगवान भैरव के 8 रूप हैं। इनमें से काल भैरव तीसरा है। शिव पुराण के अनुसार माना जाता है कि जब दिन और रात का मिलन होता है। यानी शाम को प्रदोष काल में शिव के रौद्र रूप से भैरव प्रकट हुए थे। भैरव से ही बाकी 7 और प्रकट हुए जिन्हें अपने रूप और काम के हिसाब से नाम दिए हैं। उनके नाम, रुरु भैरव, संहार भैरव, काल भैरव, असित भैरव, क्रोध भैरव, भीषण भैरव, महा भैरव और खटवांग भैरव।

भैरव के तीन स्वरूप

बटुक भैरव - बटुक भैरव को भैरव महाराज का सात्विक और बाल स्वरूप माना जाता है। इनकी पूजा से भक्त को सभी तरह के सुख, लंबी आयु, अच्छी सेहत, मान-सम्मान और ऊंचा पद मिल सकता है।

काल भैरव - ये स्वरूप भैरव का तामस गुण को समर्पित है। ये स्वरूप भक्तों के लिए कल्याणकारी है, इनकी कृपा से भक्त का अनजाना भय दूर होता है। काल भैरव को काल का नियंत्रक माना गया है। इनकी पूजा से भक्त के सभी दुख दूर होते हैं, शत्रुओं का प्रभाव खत्म होता है।

आनंद भैरव - ये भैरव का राजस स्वरूप है। देवी मां की दस महाविद्याएं हैं और हर एक महाविद्या के साथ भैरव की भी पूजा होती है। इनकी पूजा से धन, धर्म की सिद्धियां मिलती हैं।

दूर होती हैं तकलीफ

भैरव का अर्थ है भय को हरने या जीतने वाला। इसलिए काल भैरव रूप की पूजा से मृत्यु और हर तरह के संकट का डर दूर हो जाता है। नारद पुराण में बताया है कि काल भैरव की पूजा से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। बीमारियां और तकलीफ भी दूर होती हैं। काल भैरव की पूजा पूरे देश में अलग-अलग नाम से और अलग तरह से की जाती है। कालभैरव भगवान शिव की प्रमुख गणों में एक हैं।

भैरव अवतार में हैं तीनों गुण

शास्त्रों में कुल तीन तरह के गुण बताए गए हैं- सत्व, रज और तम। इन तीन गुणों से मिलकर ही सृष्टि की रचना हुई है। शिव पुराण में लिखा है कि शिव जी कण-कण में विराजित हैं, इस कारण शिव जी इन तीनों गुणों के नियंत्रक हैं। शिव जी को आनंद स्वरूप में शंभू, विकराल स्वरूप में उग्र और सत्व स्वरूप में सात्विक कहा जाता है। शिव जी के ये तीनों गुण भैरव के अलग-अलग स्वरूपों में बताए गए हैं।

दूर होंगे सभी ग्रह-दोष

जिन व्यक्तियों की जन्म कुंडली में शनि, मंगल, राहु तथा केतु आदि पाप ग्रह अशुभ फलदायक हों, नीचगत अथवा शनि की साढ़े-साती या ढैय्या से पीड़ित हों, उन्हें भैरव जयंती अथवा किसी माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी, को बटुक भैरव मूल मंत्र की एक माला (108 बार) प्रारम्भ कर प्रतिदि न रूद्राक्ष की माला से 40 जाप करें, अवश्य ही शुभ फलों की प्राप्ति होगी ।

अकाल मृत्यु से रक्षा

काल भैरव जयंती के दिन भैरव जी के मंदिर जाकर विधि-विधान से पूजा अवश्य करनी चाहिए. मान्यता है कि ऐसा करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और आपको उत्तम फल की प्राप्ति होती है। इस दिन भैरवनाथ जी के सामने दीप भी जलाना चाहिए। ऐसा करने से भगवान महाकाल अपने भक्तों की अकाल मृत्यु से सुरक्षा करते हैं।

दांपत्य जीवन में मिलेगी सुख-शांति

जो लोग दांपत्य जीवन में हैं उनको सुख-समृद्धि के लिए काल भैरव की पूजा अवश्य करनी चाहिए। इसके लिए भैरव जी की जन्मतिथि के दिन शाम के समय, शमी वृक्ष के नीचे सरसों के तेल का दीपक जरूर जलाएं। ऐसा करने से रिशतों में प्रेम और बढ़ता है।

कष्ट एवं डर होता है दूर

ग्रंथों में बताया गया है कि भगवान काल भैरव की पूजा करने वाले का हर डर दूर हो जाता है। उसके हर तरह के कष्ट भी भगवान भैरव हर लेते हैं। काल भैरव भगवान शिव का एक प्रचंड रूप है। शास्त्रों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति काल भैरव जंयती के दिन भगवान काल भैरव की पूजा कर ले तो उसे मनचाही सिद्धियां प्राप्त हो जाती हैं। भगवान काल भैरव को तंत्र का देवता भी माना जाता है।

काल भैरव को प्रसन्न करने के उपाय

भगवान भैरव जिन्हें काशी के कोतवाल के नाम से भी जाना जाता है, उनका आशीर्वाद पाने के लिए पूजा के वक्त उन्हें पुष्प, फल, नारियल, पान, सिंदूर आदि चढ़ाना चाहिए। भगवान भैरव की कृपा पाने के लिए उनके मंत्र ॐ काल भैरवाय नमः और ॐ ह्रीं बं बटुकाय मम आपत्ति उद्धारणाय, कुरु कुरु बटुकाय बं ह्रीं ॐ फट स्वाहा का जाप करें। मान्यता है कि भगवान भैरव की पूजा में उनके यंत्र का भी बहुत महत्व है। ऐसे में विधि-विधान से श्री भैरव यंत्र की प्राण प्रतिष्ठा करवाएं। काल भैरव देवों के देव महादेव के ही रूप हैं, इसलिए इस दिन शिवलिंग की पूजा करना भी शुभ माना गाया है। इस दिन भोलेनाथ की पूजा के वक्त 21 बेल पत्रों पर चंदन से ङ्गॐ नमः शिवायफ लिखकर शिवलिंग पर चढ़ाएं। श्री बटुक भैरव आपदुद्धारक मंत्र (ॐ ह्रीं बं बटुकाय मम आपत्ति उद्धारणाय। कुरु कुरु बटुकाय बं ह्रीं ॐ फट स्वाहा) के जाप से शनि की साढ़े साती, ढैय्या, अष्टम शनि और अन्य ग्रहों के अरिष्ट का नाश होता है और शनिदेव अनुकूल होते हैं।

पूजन विधि

अष्टमी तिथि को प्रातः स्नानादि करने के पश्चात व्रत का संकल्प लें। भगवान शिव के समक्ष दीपक जलाएं और पूजन करें। कालभैरव भगवान का पूजन रात्रि में करने का विधान है। शाम को किसी मंदिर में जाएं और भगवान भैरव की प्रतिमा के सामने चौमुखा दीपक जलाएं। अब फूल, इमरती, जलेबी, उड़द, पान नारियल आदि चीजें अर्पित करें। इसके बाद वहीं आसन पर बैठकर कालभैरव भगवान का चालीसा पढ़ना चाहिए। पूजन पूर्ण होने के बाद आरती करें और जानें-अनजाने हुई गलतियों के लिए क्षमा मांगे। प्रदोष काल या मध्यरात्रि में जरूरतमंद को दोरंगा कंबल दान करें। इस दिन ऊं कालभैरवाय नम: मंत्र का 108 बार जाप करें। पूजा के बाद भगवान भैरव को जलेबी या इमरती का भोग लगाएं। इस दिन अलग से इमरती बनाकर कुत्तों को खिलाएं।

- डॉ. अनीष व्यास
विश्वविख्यात भविष्यवक्ता और
कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान
जयपुर-जोधपुर (राजस्थान)
मो. : 9460872809

बुलंद रहे धर्म की पताका

धर्म एक आदत के समान है। इसका स्वयं पालन करना आवश्यक है, लेकिन दूसरों को पालन करवाने के लिए ज़बरदस्ती करना नहीं चाहिए। धर्म का विस्तार धर्म के अनुसार ही होना आवश्यक है यदि आप धर्म के विस्तार के लिए अधर्म कर रहे हैं तो आपका धर्म पहले ही नष्ट हो चुका है। धर्म का अर्थ है आत्मा का परमात्मा से मिलन। जिस समाज में धार्मिक व्यक्ति निवास करते हैं वहाँ अधर्म अपने आप समाप्त हो जाता है। धर्म व्यक्ति के मष्तिष्क से मोह-माया को समाप्त कर उन्हें जीवन के निर्मल अर्थ से अवगत करवाता है। धर्म विश्वास पर आधारित है कृपया इसका आधार अंधविश्वास को ना बनाएँ। धर्म की उत्पत्ति मानव कल्याण के लिए हुई है मानव हानि के लिए नहीं। अपने कर्त्तव्य का ईमानदारी से पालन करना ही अपने धर्म को निभाना है। मानव धर्म सभी धर्मों से ऊपर है।

उपरोक्त बातों पर गहन विचार करने के बाद हमें लगा कि आज-कल के भाग-दौड भरे जीवन में पर्व और तिथियाँ याद रखना चुनौती बन गया है। इसलिए आपकी चुनौती का समाधान करने का बीडा हमने उठाया है। इसके तहत पाठकों को प्रतिदिन के व्रत-त्योहार की जानकारियाँ एक जगह समेट कर आपके समक्ष प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी हम उठा रहे हैं।

- संजना अग्रवाल

सिद्धांत की याद में पत्नी अलीसिया ने लिखा इमोशनल नोट: शेयर की पहली मुलाकात की फोटो, बोलीं- मैं जब तक जिंदा हूं आपसे ही प्यार करती रहूंगी

पॉपुलर टीवी एक्टर सिद्धांत वीर सूर्यवंशी का 46 साल की उम्र में जिम में वर्कआउट के दौरान निधन हो गया। अब सिद्धांत के यूं चले जाने से पूरी इंडस्ट्री सदमे में है। हाल ही में उनकी पत्नी अलीसिया राउत ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें याद करते हुए उनके साथ अपनी सबसे पहली फोटो शेयर की। इसके साथ ही अलीसिया ने दिल छू लेने वाला एक इमोशनल नोट भी लिखा है।

मैं जब तक जिंदा हूं आपसे ही प्यार करती रहूंगी

सिद्धांत की पत्नी अलीसिया ने लिखा, 'मैं आपसे प्यार करती हूं और जब तक जिंदा हूं आपसे प्यार करती रहूंगी।' अलीसिया ने आगे लिखा, 'ये हमारी पहली फोटो है, जो 24 फरवरी 2017 को आपने ही ली थी। इसमें आप मुझे हमेशा मुस्कुराते, जिंदगी से प्यार और उसका मजा लेते हुए देखना चाह रहे थे। आप हमेशा मुझे समय पर खाना खाने का याद दिलाते थे।'

मुझे आपका देखभाल करने वाला स्वभाव हमेशा याद रहेगा

अलीसिया ने आगे लिखा, 'आप एक मात्र ऐसे शख्स थे, जिन्होंने बिना किसी डर के मेरा हाथ थाम लिया और हमेशा मेरे लिए खड़े रहने के लिए तैयार रहे। मैं आपके लिए एक बच्ची बन गई, जो हमेशा आपका ध्यान खींचने के लिए तरसती है। आपकी मुस्कान, आपकी आंखों में सभी के लिए प्यार, देखभाल करने वाला स्वभाव मुझे हमेशा याद रहेगा।'

अलीसिया लिखती हैं, 'आप एक प्यार करने वाला बेटा, भाई, अपने बच्चों को प्यार करने वाले पिता, प्यार करने वाले पति और सबसे अच्छे दोस्त थे। मुझे पता है कि आप एक फरिश्ता बनकर हमेशा मुझे गाइड करते रहोगे। आप एक खुश और शांतिपूर्ण जगह पर हैं। मैं आपसे हमेशा प्यार करती रहूंगी। आपने मुझे प्यार का सही मतलब दिखाया है।' अब अलीसिया का ये पोस्ट देखने के बाद फैंस से लेकर सेलेब्स तक उन्हें स्ट्रांग रहने के लिए कह रहे हैं।

सिद्धांत की पर्सनल लाइफ रही कॉन्ट्रोवर्शियल

सिद्धांत की पर्सनल लाइफ काफी कॉन्ट्रोवर्शियल रही है। उन्होंने दो शादियां की थीं। उन्होंने साल 2000 में पहली शादी इरा सूर्यवंशी से की थी। पहली शादी से सिद्धांत की एक बेटी है। इरा से साल 2015 में उनका तलाक हो गया। इसके बाद 2017 में उन्होंने मॉडल और फैशन कोरियोग्राफर अलीसिया राउत से दूसरी शादी की। दूसरी शादी के बाद उन्हें एक बेटा हुआ।

एंड्रिला शर्मा को आया मल्टीपल कार्डियक अरेस्ट: डॉक्टर्स ने रखा वेंटिलेटर पर, सीपिआर भी दिया गया

पॉपुलर एक्ट्रेस एंड्रिला शर्मा की हालत दिन पर दिन बिगड़ती जा रही है। उन्हें मंगलवार (15 नवंबर) को मल्टीपल हार्ट अटैक आए, जिसके बाद उनकी हालत और ज्यादा खराब हो गई। यहां तक कि उन्हें सीपिआर तक दिया गया है। फिलहाल वो वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। एंड्रिला के बारे में सुनकर हर कोई शॉक है। फैंस से लेकर सेलेब्स तक उनके जल्द से जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे हैं।

2 बार कैंसर से जीत चुकी हैं जंग

मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, '15 नवंबर को हुए सीटी स्कैन रिपोर्ट में पता चला कि उनके सिर में नए ब्लड क्लॉट्स हो गए हैं। ऐन्द्रिला के सिर के जिस हिस्से का ऑपरेशन हुआ था, ये क्लॉट्स उसके अपोजिट साइड में हैं।' एंड्रिला को 2 बार कैंसर हुआ था। कुछ दिन पहले ही उन्हें स्ट्रोक आया था, जिसकी वजह से उनके दिमाग में ब्लड क्लॉट्स जमा हो गए थे।

नए ब्लड क्लॉट का ऑपरेशन करना संभव नहीं है

डॉक्टर्स ने इस बारे में बात करते हुए कहा, 'नए ब्लड क्लॉट का ऑपरेशन करना संभव नहीं है। इन क्लॉट को कम करने के लिए उन्हें नई दवाएं दी जा रही हैं। हालांकि, उनका ये इंफेक्शन काफी सीरियस है। अब ये देखना बाकी है कि दवाएं देने के बाद उनकी बॉडी कैसे रिएक्ट करती हैं।'

कैंसर से जंग जीतने के बाद किया था एक्टिंग में कमबैक

एंड्रिला शर्मा को जब दूसरी बार कैंसर का पता चला था तब भी उन्होंने हार नहीं मानी थी। उन्होंने अपनी क्रिटिकल सर्जरी को पूरा करवाया था। उस दौरान उनके कीमोथेरेपी के सेशन भी चले थे, जिसके बाद ही डॉक्टर्स ने उन्हें कैंसर फ्री डिकलेयर कर दिया था। उसके बाद एंड्रिला एक्टिंग में कमबैक भी कर चुकी थीं, लेकिन एक्ट्रेस की अचानक फिर से तबीयत बिगड़ गई।

कौन हैं एंड्रिला शर्मा?

एंड्रिला शर्मा की बात करें तो वो बंगाली सिनेमा में ज्यादा नजर आती हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरूआत टीवी शो 'झूमर' से की थी। इसके बाद उन्होंने कई पॉपुलर शोज किए। एंड्रिला ने हाल ही में 2 ओटीटी प्रोजेक्ट्स भी किए हैं।

मिथुन चक्रवर्ती ने किया अपने स्ट्रगल के दिनों को याद: बोले- स्किन कलर को लेकर मेरी डिसरिस्पेक्ट की गई, नहीं चाहता मेरी बायोपिक बने

सुपरस्टार मिथुन चक्रवर्ती ने हाल ही में अपने स्ट्रगल के दिनों को याद किया। मिथुन ने बताया कि उनके स्किन कलर के लिए कई बार उनका अपमान किया गया। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि वो नहीं चाहते हैं कि कभी भी उनकी बायोपिक बनाई जाए क्योंकि जो कुछ भी उन्होंने मानसिक रूप से सहा है वो नहीं चाहते कि कोई और उससे गुजरे।

कई सालों से मेरी डिसरिस्पेक्ट की गई

मिथुन ने कहा, 'हर किसी ने मुश्किल दिनों में स्ट्रगल देखा है, लेकिन मुझे हमेशा अपने स्किन कलर के लिए बुलाया जाता था। मेरी स्किन के कलर के कारण कई सालों से मेरी डिसरिस्पेक्ट की गई। मैंने ऐसे भी दिन देखे हैं, जब मुझे खाली पेट सोना पड़ता था, और मैं खुद सोने के लिए रोता था। वास्तव में वो ऐसे दिन थे जब मुझे सोचना पड़ता था कि मैं अगले टाइम पर क्या खाऊंगा और मैं कहां सोने जाऊंगा।'

मैं बहुत दिनों तक फुटपाथ पर सोया

मिथुन ने आगे कहा, 'यहां तक कि मैं बहुत दिनों तक फुटपाथ पर सोया हूं। मैं कभी नहीं चाहता कि लाइफ में मैंने जो कुछ सहा है, उससे कोई भी गुजरे। और यही एकमात्र कारण है कि मैं नहीं चाहता कि मेरी बायोपिक बनाई जाए। मेरी स्टोरी कभी किसी को इंस्पायर नहीं करेगी, ये उन्हें (मेंटली) तोड़ देगी और लोगों को उनके सपनों को हासिल करने से डिस्करेज करेगी। मैं बिल्कुल नहीं चाहता कि ऐसा हो।'

मैंने खुद को साबित करने के लिए बहुत संघर्ष किया है

मिथुन कहते हैं, 'अगर मैं कर सकता हूं, तो कोई और भी कर सकता है। मैंने इस इंडस्ट्री में खुद को साबित करने के लिए बहुत संघर्ष किया है। मैं लीजेंडरी नहीं हूं क्योंकि मैंने हिट फिल्में दी हैं, मैं एक लीजेंड हूं क्योंकि मैंने अपनी लाइफ के सभी दर्द और संघर्षों को पार कर लिया है।'

अब तक 350 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके हैं मिथुन

16 जून, 1950 को कोलकाता में जन्में मिथुन का असली नाम गौरांग चक्रवर्ती है। हालांकि, ये नाम उन्होंने कभी भी फिल्मों में इस्तेमाल नहीं किया। मिथुन ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत 1976 में आई फिल्म 'मृगया' से की थी। वो अब तक 350 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके हैं और अब भी बॉलीवुड में सक्रिय हैं। वो आखिरी बार सुपरहिट फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' में नजर आए थे।

जूनियर एनटीआर ने कराया मेकओवर: फैंस बोले – एनटीआर 30 के लिए है पैन इंडिया स्टार का नया लुक

पैन इंडिया स्टार जूनियर एनटीआर अपनी प्रभावी स्क्रीन उपस्थिति और मनोरंजक प्रदर्शन के चलते अपने मजबूत फैन बसे के लिए जाने जाते हैं। मैन ऑफ द मासेस ने सोशल मीडिया पर आलिम हकीम के साथ एक तस्वीर साझा की जिसके बाद फैंस की उत्सुकता का ठिकाना नहीं रहा।

RRR अभिनेता को सेलिब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट से मेकओवर लेते हुए देखा गया है। फैंस ने फोटो को साझा करते हुए लिखा की क्या यह मेकओवर कोरतल्ला शिवा के साथ उनकी फिल्म एनटीआर 30 का लुक है?

जूनियर एनटीआर के आरआरआर में किरदार कोमाराम भीम को दर्शकों ने खूब सराहा जिसके बाद अब वो शिवा के साथ अपनी नई फिल्म पर काम करने के लिए तैयार हैं। एनटीआर 30 पर प्री-प्रोडक्शन का काम पहले से ही चल रहा है। जिसमे उत्सुकता को बढ़ाते हुए पैन इंडिया स्टार ने अपने नए मेकओवर का लुक साझा किया है।

एनटीआर 30 और एनटीआर 31 की तैयारी शुरू

जूनियर एनटीआर को एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी आरआरआर में उनके प्रदर्शन के लिए जानता से भरपूर प्यार मिला। जूनियर एनटीआर जल्द ही एनटीआर 30 में नजर आएंगे जिसका निर्देशन कोरतल्ला शिवा करेंगे। चिरंजीवी के आचार्य के बाद यह फिल्म निमार्ता की पहली आउटिंग होगी। इसके अलावा एनटीआर जूनियर प्रशांत नील की एनटीआर 31 में भी नजर आएंगे।

भेड़िया के प्रमोशन के दौरान फैन हुई बेहोश: वरुण ने दिखाई दरियादिली, इवेंट को बीच में रोक पिलाया पानी

वरुण धवन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म भेड़िया के प्रमोशन में बिजी हैं। हाल ही में वो जयपुर के एक कॉलेज में फिल्म का प्रमोशन कर रहे थे। इसी दौरान वहां मौजूद ऑडियंस में से एक लड़की बेहोश हो गई। वरुण ने लड़की की मदद के लिए इवेंट को तुरंत रोक दिया और उसे पानी देने के लिए स्टेज से नीचे उतर गए। वरुण के साथ वहां कृति सैनन भी मौजूद थीं। वरुण के इस एक्शन पर सोशल मीडिया यूजर्स उनकी काफी तारीफ कर रहे हैं।

वरुण धवन और कृति सैनन इन दिनों अपनी फिल्म भेड़िया का बड़े स्तर पर प्रमोशन कर रहे हैं। हाल में दोनों जयपुर के एक कॉलेज में फिल्म का प्रमोशन पहुंचे थे। इस प्रमोशनल इवेंट के दौरान एक लड़की बेहोश हो गई। वरुण ने लड़की की मदद के लिए इवेंट को तुरंत रोक दिया और स्टेज से नीचे उतरकर उसको खुद अपने हाथ से पानी पिलाया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही लोगों ने वरुण के इस एक्शन की खूब तारीफ की है।

सोशल मीडिया यूजर्स ने वरुण के एक्शन की तारीफ की

इस वायरल वीडियो पर एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा- ''इसमें कोई शक नहीं है कि वरुण एक प्यारा इंसान है।'' वहीं एक यूजर ने लिखा- ''वरुण एक अच्छे एक्टर होने के साथ साथ एक अच्छे इंसान भी हैं।'' एक फैन ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा- ''वो वास्तव में सबसे बेस्ट हैं, मेरा वीडी।''

भारत की पहली क्रीचर कॉमेडी फिल्म है भेड़िया

अमर कौशिक के डायरेक्शन में बनी फिल्म भेड़िया भारत की पहली क्रीचर कॉमेडी फिल्म है। इसमें वरुण धवन, कृति सैनन लीड रोल में दिखाई देंगे। फिल्म में दीपक डोबरियाल और अभिषेक बनर्जी की भी अहम भूमिका होगी। फिल्म 25 नवंबर को थिएटर्स में रिलीज होगी। अमर कौशिक इससे पहले स्त्री जैसी फिल्म का डायरेक्शन कर चुके हैं।

लॉफिंग ज़ोन

दरिया पार करते हुए एक बुढ़िया ने अपने विवाहित बेटे से पूछा - बेटा, अगर मैं और तुम्हारी पत्नी डूबने लगे, तो तू किसे बचायेगा?

लड़का परेशान हो गया, तो उसकी सुन्दर बीवी बोली- तुम मां को बचा लेना.

इस पर सास बहुत खुश हुई और पूछने लगी - पर तुझे क्यों नहीं?

बहू ने जवाब दिया - आप मेरी चिंता न करें. मुझे बचाने के लिए तो और बहुत से लोग दरिया में कूद पड़ेंगे.

☺ ☺ ☺

एक वृद्ध व्यक्ति ने एक कंपनी के दफ्तर में जाकर मैनेजर से कहा- आपके दफ्तर में मेरा लड़का काम करता है. क्या मै उससे मिल सकता हूं?

मैनेजर ने गौर से देखा और कहा- खेद है कि आप थोड़ी देर से पहुंचे. आपका अंतिम संस्कार करने की छुट्टी लेकर अभी-अभी गया है.

☺ ☺ ☺

वकील - तुमने सोहन को पानी में जहर मिलाकर क्यों दिया.

अभियुक्त - महाशय, उस दिन वह मेरे घर आया था और बोला कि ऐसा पानी पिलाओ कि मैं ठंडा हो जाऊं

☺ ☺ ☺

वकील - यह चोरी तुमने अकेले की या कोई और भी तुम्हारे साथ था?

चोर - मैने अकेले ही की. भला आज के जमाने में किसी पर भरोसा किया जा सकता है?

अष्टयोग- 5026

	1		4		5	2
2	**28**	4	**40**	7	**35**	4
	2			4	7	
5	**28**		**38**		**34**	1
	2	6		5		7
3	**31**	2	**24**		**30**	
7	6		4			5

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5025 का हल

1	2	5	6	4	7	3
2	**26**	4	**40**	7	**38**	4
4	2	6	3	5	1	7
5	**34**	3	**37**	6	**30**	1
6	1	7	4	3	5	2
3	**33**	2	**24**	1	**27**	6
7	6	1	4	2	3	5

स...स...सन्नाटेदार



सूडोकु नवताल- 5026

★★★★☆
कठिन

5		9		8	3	2		
	2		4					8
3	8		5	2	6	1		
	7						9	5
9		3	6		8	7		4
2	6						1	
		5	2	7	1		8	6
6					4		7	
		8	9	6		4		2

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- ■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- ■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -5025 का हल

8	2	5	3	6	7	9	1	4
4	6	1	8	9	2	3	7	5
3	7	9	1	5	4	6	8	2
1	3	7	4	2	9	5	6	8
6	5	2	7	1	8	4	9	3
9	8	4	6	3	5	1	2	7
2	4	6	9	8	3	7	5	1
5	1	3	2	7	6	8	4	9
7	9	8	5	4	1	2	3	6

काकुरो पहेली - 5026



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 5025 का हल



MANGAL SENCHA,P.B.NO.3909, BANGALORE-39

शब्द पहेली - 5026



बाएँ से दाएँ

1. व्यस्त-4
4. आधुनिक काल-4
6. विलक्षण-3
8. शांति काल-3(उर्दू में)
9. जलमार्ग-3
11. नवीन-2
13. नजर कैदी-3,2
15. तेल फल-2
16. अत्याचार-3
18. स्वपक्षीय -3
19. एक रत्न, इन्द्रनील-3
20. पानी घाट, कुआँ जहाँ महिलाएँ पानी भरती है-4
22. गौर अपराध-4

ऊपर से नीचे

1. उदारणतः-4
2. जिसमें कोई छिपा हुआ अर्थवा व्यग्य हो-2
3. इससे रोटी बेली जाती है-3
4. कमर में बांधने का दुपट्टा-5
5. गली जैसा रास्ता-4
7. रहस्य पूर्ण-3
10. फिल्म का पर्दा-3,2
12. चित्र, मूर्ति-4
14. संकोच, लज्जा-3
17. ट्यूब वैल, यंत्र नल-4
18. अघटित, असंभव -3
21. बड़ा-2

शब्द पहेली -5025 का हल



शब्दजाल - 5026

बं	म	म	म	न	च	ली	क	म	ल	म
म	वा	ब	लि	दा	न	म	मौ	स	ल	न
र्या	ह	म	र	ते	द	म	त	क	य	की
दा	ब	बं	र	दे	म	ब	द	ल	श	आं
म	इ	म	म	सं	व	क	श	र	मं	खें
हा	म	म	ई	म	र	क	स	ना	जि	ज
रा	बं	द	श	र्द	क	मं	र	द	ल	ब
म	र	ब	र	व	ज	सी	ग	न	प	न
क	म	ल	ज	इं	बा	री	ऐ	ल	प	र
क	शा	ल	म	बू	डि	स	म	ब	पां	जा
का	ल	बं	ध	न	क	या	म	ग	प	डे

शब्द जाल में 'म' नाम से शुरु होनेवाली 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे, नीचे से उपर, दाएं से बाएं एवं तिरछे भी हैं.

मंजिल, मर्यादा, मदर इंडिया, मर्द, मशाल, मरते दम तक, मकसद, मनचली, मंगल पांडे, मन की आंखें.

शब्दजाल - 5025 का हल



मंगल सेंचा, बेंगलोर.

फिल्म वर्ग पहेली- 5026



बायें से दायें:-

1. अजय, सुनील शेट्टी, प्रियंका, दीया की 'जाना नहीं था' गीत वाली फिल्म-2,2
5. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना की 'मेरा दिल जिस' गीत वाली फिल्म-3
7. 'चाँद को क्या मालूम' गीत वाली पृथ्वीराज, शेख मुख्तार की फिल्म-2,3
9. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'मुसाफिर जाने वाले' गीत वाली फिल्म-3
11. 'जाओ जाओ हमसे क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ अमृतासिंह की फिल्म-2,3
14. राजेश खन्ना, बबीता की 'अकेले हैं चले आओ' गीत वाली फिल्म-2
15. गुड्डू धनोआ निर्देशित इमरान खान, शाहबाज खान, तब्बू की फिल्म-2
17. करण दीवान, वैजयंतीमाला की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-3
19. 'तुम मुझे भूल भी जाओ' गीत वाली सुनीलदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-2
21. जीतेंद्र, रेखा की 'गाँव में होते हँसते रोते' गीत वाली फिल्म-4
23. प्रकाश झा निर्देशित मनोहरसिंह, अन्नूकपूर, सरला, दीप्ति नवल की फिल्म-3
24. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की 'जिक्र होता है जब कयामत का' गीत वाली फिल्म-2,2
26. 'दिल में जागी धड़कन ऐसे' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-2
27. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-3
30. फिल्म 'जबर्दस्त' में सनी देओल के साथ नायिक कौन थी-4
32. जैकी, अमरीश, डिम्पल की 'हम न समझे थे' गीत वाली फिल्म-3
33. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज वाजपेयी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-2

ऊपर से नीचे:-

1. रानी ने इसमें अंधी एवं गूंगी-बहरी लड़की की भूमिका की है-2
2. फिरोज, संजय खान, मुमताज की फिल्म-2
3. 'आज गालो मुस्करालो' गीत वाली फिल्म-4
4. शम्मीकपूर, सायरा की एक फिल्म-3
6. 'सनम तुम हम पे मरते' गीत वाली फिल्म-3
8. 'मैं तुझसे मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-2
9. धर्मेन्द्र, रेखा की 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली फिल्म-3
10. 'संसार है एक नदिया' गीत वाली विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी चटर्जी की फिल्म-3
11. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फिल्म-3
12. 'ना सतरा से ऊपर ना सोला से कम' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-2
13. अशोककुमार, मधुबाला की 'आयेगा आने वाला' गीत वाली फिल्म-3
16. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-2
18. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता भट्ट की 'अब घर आजा' गीत वाली फिल्म-3
20. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-3
21. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की फिल्म-2,1
22. फिल्म 'आरम्भ' में राकेश के साथ नायिका-2
25. राजनीकांत, पद्मिनी, विजेयता की फिल्म-4
26. 'ऐ यार सुन यारी' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूरस रेखा, परवीन बाबी की फिल्म-3
28. शॉवरअली, तरूण, मेघना नायडू कीफिल्म-3
29. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-2
31. ऋतिक रोशन, करीना कपूर की फिल्म-2

फिल्म वर्ग पहेली- 5025 का हल